जब लालकिले में आजाद हिंद फौज के कैदियों की सुनवाई हुई तो अपार जनसमूह उमड़ पड़ा तथा इस मुकदमें की सुनवाई का विरोध करने लगा. भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हिंसा का सहारा लिया गया, जिसमें १०० से अधिक लोग मारे गये या घायल हो गये. देश के नामी वकील उनके बचाव के लिए खड़े हो ग पच्चीस वर्ष बाद काला गाउन पहन कर पंडि जवाहरलाल नेहरू भी बचाव के लिए खड़े थे सारे देश की नजर अब इन मुकदमों पर थी जनभावना का इतना प्रबल प्रदर्शन देख कर अंग्रेज सरकार घबरा उठी. प्रदेशों की प्रतिक्रिय जानने के लिए वाइसरॉय वावेल ने वहां के गवर्नरों की राय मांगी.

यू. पी. के गवर्नर हैलेट ने अपने पत्र में लिखा— "मैंने आपसे लखनऊ में आजाद हिंद फौज के कैदियों से संबंधित गड़बड़ के बारे में कहा था. रिपोर्टों से मालूम पड़ता है क्रांतिकारी संस्थाएं पुनः संगठित होना शुरू हो गयी हैं, उ हाल में जेल से छोड़ने के बाद अप्रत्याशित नहीं है. ऐसे संकेत मिल रहे हैं, संभवतः व्यक्तिगत सेनाएं संगठित हों. ऐसी सूचनाएं मिली हैं कि बनारस व इलाहाबाद में ब्रिगेड शुरू की जायेगी. मुझे खेद है कि हमें १९४२ की बगावत में सी. आइ. डी. ने धोखे में रखा. मैंने लिनलिथगो से कहा था कि मैंने तथा मेरे अधिकारियों ने इतने बड़े कांड की कल्पना तक नहीं की थी.

"दूसरी आवश्यक बात आजाद हिंद फौज की है... कांग्रेस द्वारा इन्हें पूर्ण सहायता दिये जाने के समाचार के प्रचार का परिणाम यह हुआ कि मुझे बनारस से सूचना मिली है कि किसी आंदोलनकारी ने धमकी दी है, यदि आजाद हिंद फौज के लोगों को मुक्त नहीं किया गया तो इसका बदला यूरोपीय बच्चों की जान से लिया जायेगा. कहा जाता है कि आगरा के किसी होटल से हिंदी व अंग्रेजी में लिखे कुछ पर्चे मिले, जिनमें कहा गया है कि यदि आजाद हिंद फौज के एक भी सिपाही को मारा गया तो अंग्रेजों की हत्या की जायेगी. ये संभवतः छोटी बातें हैं, पर इस बात का संकेत देती हैं कि हवा

किस ओर बह रही है. जबलपुर जेल से छोड़े गये कुछ आजाद हिंद फौज के जवानों का इलाहाबाद के कांग्रेस मुख्यालय में स्वागत किया गया, जो एक प्रकार से नेहरू का घर है.ऐसी भी रिपोर्ट है कि इलाहाबाद, बमरौली और कानपुर के वायु सैनिकों ने आजाद हिंद फौज के जवानों के मुकदमे में लड़ने के लिए चंदा दिया है." (ट्रां. पॉ;-६-पृष्ठ-५०६).

इसी प्रकार सी. पी. के गवर्नर ने वावेल को खा, "जबलपुर में एक वक्ता ने कहा कि आजाद हिंद फौज कांग्रेस की सेना है. जब उसने छा कि इसमें शामिल कौन होगा तो उपस्थित ड़ में सभी ने अपने हाथ उठा दिये." (ट्रां. .-ट्वाइनम- वावेल-६,२६-११-४५).

मद्रास का गवर्नर आजाद हिंद फौज के संबंध लिखता है— "मदुरै में भीड़ हिंसा पर उतर आयी तथा गोली चलानी पड़ी." आजाद हिंद फौज के मुकदमों के संबंध में वह लिखता है— लोगों की आम राय है कि हमने पार्टियों को नाव के लिए बहुत बढ़िया मसाला दे दिया है र कांग्रेस उसका लाभ उठा रही है. दूसरा, यह झा जा रहा है कि हमने अपने को एक नाक स्थिति में डाल दिया है. नेहरू तथा की मंडली की कृपा से, जिसका कि यहां सरण किया जा रहा है, आजाद हिंद फौज नों को एक महान 'हीरो' बनाने के प्रयास किये रहे हैं. ये प्रयास यहां की भावुक व अनजान ता में सफल भी हो रहे हैं. यदि अपराधियों फांसी या लंबी सजाएं दी गयीं तो यहां वत होने का खतरा है. दूसरी ओर यदि उन्हें ड़ा गया तो इसके माने है, हम अपने वफादारों नीचा दिखा रहे हैं और लोग अनुभव करेंगे वफादारी किसी काम की नहीं है." (ट्रां. पॉ; ६३१)

फ्रंटियर के गवर्नर ने वावेल को लिखा— मांडर इन चीफ को इस बात की घोषणा कर ी चाहिए कि भारतीय जनमत इन व्यक्तियों के रुद्ध मुकदमें चलाये जाने के पक्ष में नहीं है. लिए वह इन्हें समाप्त कर किसी के विरुद्ध ोई कदम नहीं उठाता. जैसे-जैसे दिन व्यतीत रहे हैं, यह मामला भारतीयों बनाम अंग्रेजों का ता जा रहा है. मैं इन जोरदार शब्दों में इस त को कहना पसंद नहीं करता क्योंकि इसके ने है, हमने धमकी के आगे घुटने टेक दिये र कोई भी समझदार व्यक्ति एक क्षण के लिए ी इस बात में शक नहीं करता कि अच्छा होता दि आजाद हिंद फौज के उत्पाती नेताओं को हीं गोली से उड़ा दिया गया होता... किंतु वह वना अब चली गयी है जिसे वापस नहीं लाया सकता.

"मुझे आपके तथा काउ. ए. (कमांडर इन चीफ) के लिए इस मामले में दया आ रही है. मेरी जानकारी में भारत में समाधान की इतनी विकट समस्या इससे पहले कभी पैदा नहीं हुई. जो कुछ मैंने यहां विभिन्न भारतीयों तथा अंग्रेजों से सुना है उससे मुझे विश्वास है, ऐसी स्थिति में हमें जितना हो सके अपना कम-से-कम नुकसान हो, ऐसा करना चाहिए." (ट्रां. पॉ;-६,२७-११-१९४५).

## सैनिक विद्रोह की आशंका

इसी प्रकार भारत सरकार के गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट में भी कहा गया," आजाद हिंद फौज ने गंभीर व खतरनाक स्थिति पैदा कर दी है. चारों ओर उनके प्रति संवेदना व सहानुभूति है...... राष्ट्रवादियों का कहना है कि आजाद हिंद फौज के लोग देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत थे और मांग की गयी है कि किसी को भी सजा न दी जाये.

"सेंट्रल प्रोविंस में अक्तूबर के प्रथम पक्ष में कम-से-कम १६० राजनीतिक सभाओं में आजाद हिंद फौज के विरुद्ध कार्रवाई बंद करने की मांग की गयी. ऐसी ही मांगें अन्य प्रदेशों की आम सभाओं में की गयी हैं और देश के अंदर इस प्रकार की सभाओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है... इस समय नेहरू भी सार्वजनिक रूप से आजाद हिंद फौज के जवानों को आजादी के सिपाही के रूप में संबोधित कर रहा है. और स्वयंसेवी संस्थाओं में इनका प्रयोग करने का श्रेय नेहरू को दिया जा रहा है... इस आंदोलन के खतरनाक दिशा में मोड़ लेने की संभावनाओं के रहते आवश्यक है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जाये... भारतीय सेना में फूट पड़ने की संभावना की बात टालना मूर्खता होगी." (ट्रां. पॉ;-६-आइ.बी. ).

आजाद हिंद फौज के मुकदमों के विषय में वावेल सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखता है, "...आजाद हिंद फौज के मुकदमें चालू हैं. जिस प्रकार विपरीत प्रचार होने लगा है उससे स्पष्ट है कि सरकार का भारी नुकसान होने लगा है, जिससे भारतीय सेना के मनोबल को भी खतरा पैदा हो गया." सारी स्थिति का विवेचन करते हुए ब्रिटिश कैबिनेट के विचारार्थ रिपोर्ट में कहा गया "...अब तो भारत में बिना लाइसेंस के बंदूकें काफी हैं और अब उनके प्रयोग के लिए बहुत से आजाद हिंद फौज के जवान भी उपलब्ध हैं. सेना से विस्थापित बहुत से सिपाही भी कस्बों व गांवों में होंगे, जिन्हें सहयोग के लिए कांग्रेस अपने पक्ष में कर सकती है. ये सब लोग हथियारों के प्रयोग में पूर्ण प्रशिक्षित हैं तथा आजाद हिंद फौज को अंग्रेजों के विरुद्ध सफलता से कैसे लड़ाया जा सकता है, उसका भी उन्हें बहुत कुछ ज्ञान है. इस बात का अंदाज लगाना कठिन है कि सेना की स्थिति कैसी होगी. निःसंदेह कांग्रेस व आजाद हिंद फौज के आंदोलन ने लगभग सारे देश को एकता के सूत्र में बांध दिया है, जिससे स्वाभाविक रूप में सेना भी विचलित हो गयी होगी और वे (सिपाही) कांग्रेस के सिद्धांतों के प्रति सजग होने लगे होंगे.

"अतः भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक है. यदि सरकार के खिलाफ देशव्यापी बगावत हुई तो वह इस बात पर निर्भर करेगी कि भारतीय सेना पर कितना विश्वास किया जा सकता है. यदि सरकार ने उन पर जरा भी अविश्वास प्रकट किया तो उनकी रही-सही वफादारी भी समाप्त हो जायेगी." (ट्रां. पॉ;-६;कैबिनेट (२५६) १.१२.१९४५).

वाइसरॉय वावेल ने सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखा- "बंबई के हाल के भाषण में पटेल ने कहा कि चुनाव के बाद कांग्रेस चुपचाप बैठनेवाली नहीं है. वह अंग्रेजी सरकार की सुख-सुविधा की प्रतीक्षा नहीं करेगी. जिस प्रकार रात के बाद दिन होता है, उसी प्रकार दूसरा संघर्ष प्रारंभ होगा. उसके एक दिन पूर्व नेहरू ने कहा- अब क्रांति अवश्यंभावी है. मेरा विश्वास है कि कांग्रेस इस लड़ाई की अगुवाई के लिए आजाद हिंद फौज पर आंख लगाये है. और यदि संभव हुआ तो वे सेना में बगावत फैलायेंगे. वे आशा करते हैं कि उनकी धमकी से पुलिस की वफादारी व कार्यकुशलता कम हो जायेगी. अंग्रेज आइ.सी.एस. और आइ.पी. के अधिकारी हतोत्साहित व असंतुष्ट हैं और इन सेवाओं के भारतीय अधिकारी अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं. उनके ऊपर बहुत बड़ा राजनीतिक तथा सामाजिक दबाव है. जबकि अन्य अधीनस्थ कर्मचारी, जिनके ऊपर प्रशासन का सारा भार रहता है, स्वाभाविक रूप से अपने भावी कर्णधारों की दुश्मनी लेने को तत्पर नहीं हैं." (ट्रां. पॉ;-६;वावेल-पैथिक लौरंस को ६.११.४५).

ब्रिटिश कैबिनेट घबरा उठी, उसने कमांडर इन चीफ से पूछा, "...आप भारतीय सैनिकों पर कितना विश्वास कर सकते हैं?"उसका उत्तर यही था कि भरोसा नहीं किया जा सकता. ब्रिटिश कैबिनेट ने पूछा कि क्या गोरी पलटन पर्याप्त संख्या में भारत भेजी जा सकती है? द्वितीय महायुद्ध से थकी ब्रिटिश फौज अब नये झंझटों में फंसना नहीं चाहती थी तथा विदेश में अनेक संवेदनशील स्थानों से उसे हटाना भी संभव नहीं था. भारत छोड़ने के अलावा अब कोई रास्ता नहीं रहा.

अब प्रश्न था, जाने से पहले किसी भी तरह भारत से संबंध सुधारे जायें ताकि व्यापार बना रहे. अंग्रेज शासक अपने व्यापारी रूप में आ गये. इसके लिए अंग्रेजी न्याय व कानून की बलि देना आवश्यक था. शायद, १८५७ के बाद पहली बार सैनिक अदालतों ने राजनीतिक दृष्टि से निर्णय लिये. जनभावना, आक्रोश व क्रांति के डर से तथा भविष्य के लिए संबंध सुधारने की दृष्टि से कमांडर इन चीफ ने वाइसरॉय व अन्य कमांडरों से राय-मशविरा ले कर आजाद हिंद फौज के सैनिकों को क्षमादान किया; जो एक प्रकार से अमर सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि थी. अपना निर्णय देने के पूर्व कमांडर इन चीफ औचिनलेक ने वावेल को लिखा- "मुझे जनरल ओकोनर और स्कूनस की टिप्पणी मिली हैं. जिनमें उन्होंने गत सप्ताह दिल्ली में अपने विचारों को पुनः दोहराते हुए लिखा है कि भारतीय सेना के विश्वासपात्र बने रहने के लिए, किसी प्रकार की और छूट देना सरासर अनुचित तथा खतरनाक होगा. भारतीय सैनिक टुकड़ियों के बीच अपने अनुभव से मैं भलीभांति जानता हूं कि एक अंग्रेज अफसर के लिए, चाहे वह कितना ही योग्य व सहानुभूति क्यों न रखता हो, भारतीय सैनिक की आंतरिक भावना को समझना कितना कठिन है. और मेरे इस विचार का इतिहास साक्षी है. मैं नहीं समझता आज कोई वरिष्ठ अंग्रेज अफसर भारतीय सैनिकों की आजाद हिंद फौज के प्रति वास्तविक भावना को जानता हो. मैं मुख्यतया अपनी अंतरात्मा से तथा विभिन्न स्रोतों से सूचना के आधार पर अनुभव करता हूं कि आजाद हिंद फौज के प्रति नित्यप्रति बढ़ती हुई सहानुभूति है... हमारे अपने नैतिक मूल्यों का मापदंड इस समस्या पर लगाना या यदि आजाद हिंद फौज के लोग हमारी जाति के होतेतोहम उनके प्रति जो नीति अपनाते-यहां वह सब असंभव है.

"...मैं अब भी आश्वस्त हूं. जो मार्ग मैंने आपको भेजी संस्तुति में सुझाया है, वही सबसे सुरक्षित व अच्छा है. जिसमें सभी ज्ञात व आवश्यक पक्षों को ध्यान में रखा गया है. अतः मेरे अपने सुझाव पर दी गयी आपकी स्वीकृति के अनुसार मैं अब आगे कार्रवाई करने जा रहा हूं" (ट्रां.पॉ; -६,औचिनलेक— वावेल २६.११.४५ ). और इस प्रकार आजाद हिंद फौज के झंडे में झपटता हुआ शेर का चिह्न जीवित हो उठा और वे शेर जेल के बाहर निकल आये.

माइकेल एडवर्ड लिखता है—"भारत सरकार को आशा थी कि आजाद हिंद फौज के ऊपर मुकदमा चला कर वे भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा कर पायेंगे, पर उसका असर उलटा हुआ. भारतीय सेना के सैनिकों में ग्लानि होने लगी कि हमने अंग्रेजों का साथ क्यों दिया? यदि सुभाषचंद्र व उसके सैनिक सही रास्ते पर थे, तो अब सारे भारत ने इस तथ्य की पुष्टि कर दी थी, कि तब तो भारतीय सेना के सैनिक जरूर गलती पर थे. और धीरे-धीरे भारत सरकार की समझ में आने लग गया कि उनके शासन की रीढ़ की हड्डी भारतीय सेना अब विश्वास योग्य नहीं रही. हेमलेट के पिता की तरह सुभाष बोस की 'प्रेतात्मा' लाल किले की प्राचीरों में चलने लगी और एकाएक उसका विशाल स्वरूप आजादी के संबंध में हो रहे विभिन्न सम्मेलनों को डराने लगा." (दि लास्ट इयर्स ऑफ ब्रिटिश रूल).

ज़ीराड एच. कौर लिखता है—"आजाद हिंद फौज की स्वराज्य प्राप्ति के लिए सैनिक कार्रवाई एक भयंकर, दुखांत घटना थी, किंतु उन्होंने निःसंदेह अपने देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान किया. वे देशभक्त सैनिक के रूप में दिल्ली को चले थे, परंतु पहुंचे एक कैदी के वेश में. यह कितनी बड़ी विडंबना है कि एक

कैदी के रूप में उन्होंने भारतीय जनता तथा भारत सरकार को सबसे अधिक प्रभावित किया. शायद ही कभी परिस्थितियों ने इतना किया हो." (दि वार ऑफ दि स्प्रिंगिंग टाइगर्स पृ-१७६).

## कलकत्ता में हिंसा

भारत की स्थिति के बारे में बादशाह जॉर्ज (षष्ठ) को लिखे पत्र में वाइसरॉय लिखता है, "...नेहरू तथा कांग्रेस के नेताओं के आजाद हिंद फौज के उद्देश्यों की प्रशंसा तथा १९४२ के शहीदों को श्रद्धांजलि में दिये गये जोशीले भाषणों के प्रतिक्रियास्वरूप जिस उत्पात की आशंका मैंने प्रकट की थी, वह नवंबर के अंतिम सप्ताह में कलकत्ता में हुआ. वहां भयंकर हिंसा भड़क उठी, जो कि और भी खतरनाक हो सकती थी. घटना की शुरुआत विद्यार्थियों के जुलूस से हुई जो आजाद हिंद फौज के समर्थन में निकाला गया. जुलूस ने पुलिस के आदेशों की अवहेलना की. चार दिन बाद एकाएक भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गयी. कलकत्ता का सारा-का-सारा आवागमन ठप्प पड़ गया और पुलिस के साथ सेना भी तैयार खड़ी रही. मरनेवालों की संख्या तथा अन्य नुकसान से इस बात का अंदाज लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी भयानक बन चुकी थी. ३३ आदमी मारे गये, २०० पुलिस, फायर ब्रिगेड व सैनिक (७० ब्रिटिश व ३७ अमरीकी) तथा २०० गैरसैनिक घायल हुए, सेना व पुलिस की १५० गाड़ियां तथा बहुत बड़ी संख्या में अन्य कारें नष्ट कर दी गयीं या उन्हें नुकसान पहुंचाया गया. कैसी (गवर्नर) ने स्थिति को बड़ी तत्परता से संभाला, किंतु पुलिस के काम में बहुत कमियां नजर आयीं.

"हमें अब किसी भी कीमत पर समझौता कर लेना चाहिए और विद्रोह से बचना चाहिए. यदि विद्रोह हो गया तो वह १९४२ के विद्रोह से कहीं अधिक खतरनाक साबित होगा. किंतु मैं स्वीकार करता हूं,मुझे स्वयं यह नहीं मालूम कि यह समझौता कैसे होगा. मैं एक क्रूर पाश्चात्य जुआरी की तरह हूं जो जुआ खेलने जाते हुए एक भरी बंदूक को सावधानीपूर्वक अपने बदन के ऐसे हिस्से में छिपाये हुए है, जहां से अकस्मात आवश्यकता पड़ने पर वह इस्तेमाल कर सके साथ ही पूर्ण निष्ठा से आशा भी कर रहा है कि उसे इसका इस्तेमाल न करना पड़े." (ट्रां.पॉ. ६-पृ. ७१३).

## नौसेना में विद्रोह

१८ फरवरी १९४६ को बंबई में रॉयल इंडियन नेवी में विद्रोह भड़क उठा. यह उत्तर था उस प्रश्न का जो ब्रिटिश कैबिनेट बार-बार पूछ रही थी कि क्या हम भारतीय सेना पर भरोसा रख सकते हैं? क्या हम १५ वर्ष और अधिक भारत में रह सकते हैं? यह भारत में अंग्रेजी साम्राज्य को विध्वंस करने की अंतिम चिंगारी थी. अब तो भागना ही था, प्रश्न केवल इज्जत बचाने का था. महान देशभक्त नेताजी सुभाषचंद्र बोस की भविष्यवाणी सच निकली. अब हम आजाद थे अंग्रेजों की कृपा से नहीं वरन शहीदों के बलिदान से. हमने आजादी छीन ली. अब केवल औपचारिकता मात्र रह गयी थी. १९ फरवरी को ब्रिटेन ने घोषणा कर दी कि कैबिनेट मिशन भारत जा कर हस्तांतरण की बात करेगा. अब तक ब्रिटेन से जितने भी कमीशन आये, उनमें यह पहला कमीशन था जो निष्ठापूर्वक आया था.

उपरोक्त नौसेना विद्रोह के संबंध में पं. नेहरू ने कहा- "यह हड़ताल एक बडे राजनीतिक महत्व की है. हमारे लड़कों ने जोश में आ कर शायद बहुत कुछ ऐसा किया हो जिससे हम सहमत न हों, किंतु इससे इसका महत्व कम नहीं हो सकता. इस घटना से सारे देश में जो तीव्र प्रतिक्रिया हुई उसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. इसने दिखा दिया है कि भारतीय सेना की विचारधारा किस दिशा में काम कर रही है. इसने यह भी सिद्ध कर दिया है कि अंग्रेजों ने भारतीय जनता व सेना के बीच जो लोहे की एक दीवार खड़ी की थी वह अब ध्वस्त हो चुकी है और भारतीय सैनिक जो मुख्यतया किसान परिवार से आते हैं, वे भी अब राजनीतिक तथा आर्थिक शोषण के प्रति उतने ही संवेदनशील हैं जितने कि उनके अन्य भाई, जो खेत व कारखानों में काम करते हैं....



*मातृभूमि को स्वतंत्र कराने का संकल्प आजाद हिंद सेना के देशभक्त जवान नेताजी के चित्र के साथ भारत की सीमा में प्रवेश करते हुए*

"ऐतिहासिक दृष्टि से एक बात स्पष्ट हो गयी है भारत में अंग्रेजी राज एक अतीत की बात बन गयी है, अंग्रेज भी इसका अनुभव करने लगे हैं. इसलिए वे अब अपने लिए राजनीतिक अधिकारों की बात नहीं करते. वे हमसे जानना चाहते है कि क्या स्वतंत्र भारत में उन्हें व्यापार की सुविधा उपलब्ध होगी, तो मैं साफ तौर से कह देता हूं कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप हमारे देश को किस स्थिति में छोड़ते हैं. यदि आपने अपने पीछे कटुता की निशानी छोड़ी तो हम आपसे कोई संबंध नहीं रखेंगे." (स्टेट्समैन ४ मार्च १९४६ )

अब स्थिति दिन-प्रति-दिन बिगडती जा रही थी. अंग्रेजों में घबराहट होने लगी थी. वे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे थे. इंग्लैंड लौटने के लिए ऐसी भगदड़ मची कि जहाजों में स्थान मिलना असंभव हो गया.

## समझौते की मजबूरी

वाइसरॉय वावेल ने २२ मार्च १९४६ को बादशाह जार्ज (षष्ठ) को लिखा, "....पिछले तीन महीने बड़ी चिंता व निराशा के रहे हैं. प्रमुख बातें हैं, राजनीतिक भाषणों में, लगभग सभी समाचारपत्रों में, तथा विधानसभाओं में अंग्रेजी सरकार, अधिकारियों व पुलिस को निरंतर खुल कर गालियां देना, बंबई में आर.आइ.एन. में फैली बगावत के कारण हिंसा, आर.आइ.ए.एफ. में अनुशासनहीनता, भारतीय सेना में कुछ असंतोष, भारत के अनेक भागों में अभूतपूर्व सूखा तथा अकाल की स्थिति, रेलवे तथा डाक-तार विभाग में हड़ताल की धमकी तथा सर्वत्र सुरक्षा तथा कानून भंग की आम भावना.

"यह एक दुर्भाग्यपूर्ण तथा मूर्खता की एक करुण कहानी है. संभवतः इसको इस परिप्रेक्ष्य में देखना अधिक अच्छा होगा कि भारत एक नयी व्यवस्था के जन्म की प्रसव पीड़ा से गुजर रहा है. वैसे भी प्रसव पीड़ा कभी सुखद नहीं होती, अकसर खतरनाक ही होती है; और भारतीय दाइयों के क्रूर ढंग काफी बदनाम भी हैं, परंतु वे सदैव प्राणघातक नहीं होते." (ट्रां.पॉ. ६;पृ. ५४५).

इसी समय सर एक्लो (गवर्नर-असम) ने वावेल को एक पत्र भेजा, जिसमें भारत में अंग्रेजी राज का विवेचन किया गया था. उसके दार्शनिक पक्ष के निचोड़ में उन्होंने वर्ड्सवर्थ की कविता की चार पंक्तियां उद्धृत कीं. जिनका भावार्थ था—हम शक्तिशाली थे तो हमने भारत को छीन लिया. यदि आज भारत अधिक शक्तिशाली है तो वह सत्ता हथिया ले. (ट्रां. पॉ. ७ पृ. १०३)

वावेल ने २३ अक्तूबर १९४६ को सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखा –"...हिज मेजेस्टी गवर्नमेंट की भारत में शासन करने की शक्ति दिन-प्रति-दिन क्षीण होती जा रही है. अपने गवर्नरों से, जिन्हें बहुत बड़ा अनुभव है विचार-विमर्श कर, मैं आपको सलाह दे चुका हूं कि अधिक से अधिक आज से १८ माह के अंदर हममें घटनाओं पर नियंत्रण रखने की बिलकुल शक्ति नहीं रहेगी.

"घटनास्थल पर उपस्थित एक जिम्मेवार व्यक्ति के नाते मेरा यह उत्तरदायित्व है कि मैं आपको सलाह दूं कि किस प्रकार भारत में दायित्व निभाने की दृष्टि से कैसे हम इन उद्देश्यों की पूर्ति कर सकते है.

"एक सेनानायक के रूप में मुझे इस बात का ज्ञान है कि युद्धभूमि से किस प्रकार पीछे हटा जाता है. दुर्भाग्य से मुझे स्वयं इस प्रकार से पीछे हटने की क्रिया का संपादन करने का भी थोड़ा-बहुत अनुभव है. मैं निवेदन करता हूं कि भारत में हमारी वर्तमान स्थिति ठीक वैसी ही है जैसी कि उस सेना की, जो अपने से शक्तिशाली सेना के सामने पीछे हटने पर मजबूर हो, और जो स्वाभाविक रूप से कम-से-कम नुकसान के साथ यह काम करना चाहती है....

"मैं यह भी अनुभव करता हूं कि यूरोपीय लोगों की सुरक्षा संबंधी सैनिक योजना के विषय में आप कुछ गलतफहमी में हैं. जिस योजना के संबंध में मैंने आपको लिखा, वह वही योजना है जो मेरी जानकारी में पिछले चालीस वर्षों से भारत में है, और मेरे विचार से संभवतः १८५७ की बगावत से है. इसमें आपातकाल में यूरोपियनों को एक स्थान पर एकत्रित करने की व्यवस्था है ताकि उन्हें सैनिक सुरक्षा में रखा जा सके. ... किंतु हमें सदैव आपातकालीन योजना तो तैयार रखनी ही चाहिए." (ट्रां. पॉ. ८ पृ-५०१)

## विभाजन की साजिश

वावेल ने किस प्रकार परिवार हटेंगे सारी योजना बना दी. अब अंग्रेज जाने की तैयारी में थे. सेना जब वापस भागती है तो वह यह देख लेती है कि दुश्मनों की बढ़ती फौज के हाथ कुछ न लगे. चर्चिल, जो अब विरोधी पक्ष का नेता था किंतु वह अब भी विशेष प्रभावशाली था. युद्ध के दिनों मिलीजुली सरकार में एटली उसका मंत्री रह चुका था. अतः विशेष रूप से विदेशी मामलों में वह चर्चिल से निरंतर सलाह-मशविरा करता था. चर्चिल गांधीजी से बहुत नाराज रहता था. वह वावेल से भी इसलिए नाराज था कि उसका रुख कांग्रेस व इसके नेताओं के प्रति सद्भावना का था. मुस्लिम लीग अंग्रेजों की छत्रछाया में फूली-फली. जिन्ना के साथ चर्चिल के मधुर संबंध थे तथा उसे उसने पाकिस्तान देने का वायदा किया था. वावेल भारत के विभाजन के लिए तैयार नहीं था. अतः वावेल को वाइसरॉय के पद से हटा दिया गया और माउंटबेटन को भेजा गया, जो चर्चिल का कृपापात्र था. जब भी जिन्ना किसी बात पर अड़ जाता तो माउंटबेटन चर्चिल से कहता उसको समझाओ. बाध्य हो कर पीछे हटनेवाली सेना की तरह अंग्रेजों ने देश का विभाजन कर दिया तथा अनेक भीषण समस्याएं छोड़ गये. यद्यपि नेहरू जी ने कहा था कि यदि तुम कटुता छोड़ोगे तो हम तुमसे कोई संबंध नहीं रखेंगे, किंतु भारत की जनता अत्यंत उदार व क्षमाशील है. उसने न केवल क्षमा किया वरन स्वतंत्रता की पावन वेला में 'जवाहरलाल नेहरू जिंदाबाद' के साथ 'माउंटबेटन जिंदाबाद' के नारे भी लगा दिये और सारी कटुता नारों के साथ आसमान में विलीन हो गयी, किंतु एक नारा लगाना हम भूल गये वह है— 'नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिंदाबाद.'



आजाद हिंद सेना के वीर सिपाही

# नेताजी आजादी अपनी शर्त पर चाहते थे— अंग्रेजों की शर्त पर नहीं

☐ **कैप्टन महबूब अहमद** से **अरुण सिंह** की बातचीत

"वह जल्दबाजी और उलझन में की जानेवाली यात्रा थी. कोई भी इस यात्रा के लिए तैयार-सा नहीं था. 'जय हिंद फिर मिलूंगा,'— नेता जी ने वहां खड़े लोगों से हाथ मिलाते हुए कहा. वह हवाईजहाज दो इंजनवाला बॉम्बर था, जिसमें जापान के वरिष्ठ अधिकारी भी थे. संध्या ५ बज कर १५ मिनट पर जहाज उड़ा और उसी शाम ताउरेन (फ्रेंच इंडोचाइना) में उतरा. उड़ान दूसरे दिन भी जारी रखी गयी. हवाईजहाज १८ अगस्त को दो बजे दिन में ताइहोकू (फारमूसा) पहुंचा. यात्री दिन का खाना खा रहे थे और जहाज में ईंधन भरा जा रहा था. दो बज कर ३० मिनट पर जैसे ही वह दोबारा उड़ा, उसका प्रोपेलर क्षतिग्रस्त हो गया. जहाज में आग लग गयी. वह तेजी से नीचे झुका और जमीन से टकरा गया. क्षतिग्रस्त जहाज से बोस, हबीबुर्रहमान और जो लोग बचे थे,संघर्ष करते हुए बाहर निकले. बोस के कपड़ों में आग लगी हुई थी, उनके साथी उस आग को बुझाने की कोशिश कर रहे थे. नेता जी का चेहरा और शरीर बुरी तरह से झुलस चुका था और साथ-साथ उनके सिर में भी घातक चोट लगी थी. अस्पताल जाने से पहले ही नेता जी शायद यह समझ चुके थे कि वे अब ठीक नहीं हो सकेंगे.

"जिंदगी धीरे-धीरे खत्म हो रही थी और हबीबुर्रहमान दिन भर उनके बिछावन से लगे रहे. डॉक्टरों द्वारा दी गयी दवाओं से उनमें कभी-कभी थोड़ा सुधार भी होता था और कभी-कभी वे दर्द से बेहोश हो जाते थे . यह स्पष्ट था कि अब उन्हें बचाया नहीं जा सकता है. उनके होंठ विलक्षण ढंग से सूज गये थे और उन्हें बोलने में कठिनाई हो रही थी. उन्होंने एक इंटरप्रेटर को बुलवाया और फील्ड मार्शल तेराउची के नाम एक संदेश लिखवाया. अंतिम क्षण के कुछ मिनटों पहले उन्होंने अपने साथी से कहा, "हबीब मैं महसूस करता हूं कि मैं शीघ्र ही मर जाऊंगा. मैंने भारत की आजादी के लिए अपने अंतिम क्षणों तक लड़ाई लड़ी है. मेरे देशवासियों से कहना,"भारत शीघ्र ही आजाद होगा. आजाद भारत अमर रहे." फिर उन्होंने मार्फिया का इंजेक्शन लगाने को कहा. इसके कुछ देर बाद रात आठ और नौ के बीच पट्टियों से बंधे उनके शरीर में जबर्दस्त थरथराहट हुई और फिर शरीर स्थिर हो गया, और वे चले गये". **(द स्प्रिंगिंग टाइगर, लेखक: ह्यू टॉय १९५९ पृष्ठ संख्या-१६६-१६७)**

"लेकिन यह सच है कि वे १८ अगस्त १९४५ को ताइहोकू के जापानी मिलिटरी अस्पताल के नैमन वार्ड में मर गये.' **(वही, पृष्ठ संख्या-१६८)**

आज इस घटना को ४० वर्ष से अधिक हो गये हैं. स्वाधीनता संग्राम में नेता जी का क्या योगदान रहा है, इसे कहने की आवश्यकता नहीं है. लेकिन क्या हम नेता जी का सही मूल्यांकन कर पाये हैं? आचार्य किशोरीदास वाजपेयी से जब एक साक्षात्कार में पूछा गया था कि अपने काल की वे कोई महत्वपूर्ण घटना बतायें, तो जवाब में उन्होंने कहा था कि सुभाष जैसे प्रखर नेता और तिलक जैसे यशस्वी विद्वान को कुचल देने में उनके साथियों ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी, मेरे काल की यही सबसे महत्वपूर्ण और दुखद घटना है.

## राजनीति ने नेताजी की मौत भी भुनायी है

और नेता जी सुभाषचंद्र बोस के मरने के चालीस वर्षों बाद आज भी नेता जी को भुनाने की कोशिश जारी है. अभी हाल में ही फैजाबाद के एक तथाकथित गुमनामी बाबा की आकस्मिक मौत के बाद नेता जी की मृत्यु के बारे में बरसों पुराना विवाद फिर से खड़ा हो गया है.

जब मैंने आजाद हिंद फौज में कैप्टन रह चुके कैप्टन महबूब अहमद से इन विवादों के बारे में पूछा, तो उन्होंन कहा कि बिला • शक नेता जी जीवित नहीं है. यह सब राजनेताओं का चक्कर है. वे नेता जी को भुनाना चाहते हैं.

पटना निवासी ६५ वर्षीय कैप्टन महबूब अहमद आजाद हिंद फौज में नेता जी सुभाष चंद्र बोस के मिलिटरी सेक्रेटरी थे. मिलिटरी सेक्रेटरी का काम होता था आजाद हिंद सरकार, आजाद हिंद फौज और नेता जी के बीच संपर्क बनाये रखना. इस नाते उन्हें नेता जी के निकट रहने का काफी मौका मिला था.

कैप्टन महबूब अहमद से नेता जी और आजाद हिंद फौज के बारे में विस्तृत बातचीत हुई. बातचीत के बीच जब मैंने उनसे उनके व्यक्तिगत जीवन के बारे में, शुरू के दिनों के बारे में, नेता जी से जुड़ने से पहले का जीवन और फिर वे परिस्थितियां जिनकी वजह से उन्होंने अंततः नेता जी का साथ देने का निर्णय लिया, के बारे में सवाल किये तो वे थोड़ा सोचने लगे, लगा कि वे स्मृतियों को सिलसिलेवार ढंग से जोड़ रहे हैं.



नेताजी के मिलिटरी सेक्रेटरी कैप्टन महबूब अहमद

छाया: अखिलेश

और उन्होंने कहना शुरू किया, "मैं उच्च मध्यमवर्गीय परिवार से आता हूं. मेरी शुरू की पढ़ाई आइ. आर. एम. सी. स्कूल देहरादून में हुई. वहां के पूरे माहौल में अंग्रेजियत थी. अंग्रेजों की देखरेख में ही रहना होता था. उन्होंने हमारा कैरेक्टर तो बिल्ड-अॅप कर दिया, लेकिन हिंदुस्तान के बारे में वे हमें कुछ बता नहीं सके. हिंदुस्तान की कौन-सी समस्याएं हैं, ये वे हमें बता नहीं सके. मैंने १९४० में इंडियन आर्मी ज्वाइन की. ब्रिटिश इंडियन आर्मी. हम लोगों को भेजा गया मलाया में. वहां जापानियों के साथ लड़ाई हो रही थी. पूरे ब्रिटिश ट्रुप्स को उन्होंने अपने कब्जे में ले लिया. वे हमें कैद कर ले गये. जापानियों ने हमसे कहा कि हमारी लड़ाई हिंदुस्तानियों से नहीं है. हम लोग हिंदुस्तान में ब्रिटिश सरकार से लड़ रहे हैं. हमारी तुमसे कोई लड़ाई नहीं है.

"उस वक्त तक हमारे जनरल होते थे मोहन सिंह. एकदम जवान सिख. पहले वे ब्रिटिश फौज में कैप्टन थे. जो फौजी गिरफ्तार किये गये थे, उनमें से करीब पच्चीस हजार लोगों ने कैप्टन मोहन सिंह के नेतृत्व में इंडियन नेशनल आर्मी का गठन किया. इसी आर्मी के जनरल बने मोहन सिंह. उस वक्त उनका लक्ष्य था कि जितने हिंदुस्तानी बर्मा में, मलाया में, साउथ ईस्ट एशिया में हैं, उनकी देखभाल की जाये, क्योंकि जापानी बड़े क्रूर और निर्दयी होते थे. अगर कोई जापानी किसी हिंदुस्तानी के साथ

(21)

Government of India
Ministry of Home Affairs
***

Subject:- Death of Netaji Subhas Chandra Bose.

13/C ✓

PMO may please refer to their UO No.915/11/C/2/2000-Pol dated 26-6-2000 on the above subject.

2. Various points made by Shri B.R. Tamta in his letter dated 6-6-2000 are given below:-

(i) as per the relevant documents connected with the air crash in which Netaji had died, it had been revealed that the belongings of Netaji which were retrieved at the accident site included two trunkfuls of gold, diamond and other valuables which were kept in a Bank there. All these actually belonged to Azad Hind Government formed by Netaji in South-East. The Govt. of India should, therefore, putforth its rightful claim on these valuables and bring them back.

(ii) a Trust on Netaji should be formed and the gold, diamond and other valuables as per (i) above should be placed at the disposal of that Trust. In addition to this an appeal should be made to the general public throughout the country to contribute liberally to this Trust.

(iii) the statue of Netaji be installed at Red Fort and India Gate.

(iv) a Commission should be constituted with the purpose of identifying comprehensively the role and contribution of Netaji and other Indians who were there at that time in South-East Asia and for documenting the same in details.

(v) a book should be got written on Netaji depicting vividly the events from his birth till death. This book should be got translated into various Indian languages.

P.T.O.

For your pl 12/7

PTII Put up on file. 14/7

Pol sec
Relevant pps placed below S/No-13/C duly flagged may kindly see pl
Dir(S) 14/7

2081/DS(S)/9/2000 12/7

602/Dir(P)/07 13/7

We may ask for comments from Ministries / Deptts. suggested in para (3) of this letter.

Sd/-
19/7

PS.cec. p III

(vi) all letters, speeches, writeups of Netaji should be collected and printed in all Indian languages.

(vii) a separate Deptt. should be constituted to cater to the welfare of the jawans and dependents of the INA.

(viii) if in connection with the suggestions made above, any assistance is required by the Govt. Shri Tamta would be glad to render the same as he is an ardent supporter of Netaji and holds him in a very high esteem.

3. It may be seen that there is no suggestion which falls within the purview of the Ministry of Home Affairs. In fact, the suggestion (i) concerns the MEA/MOF; the suggestion (ii) the Deptt. of Culture; suggestion (iii) concerns Mininistry of Urban Development; suggestion (iv) to the MEA and the Deptt. of Culture; suggestion (v) concerns the Deptt. of Culture (vi) concerns the Deptts of Publication and Culture and suggestion (vii) Cabinet Sectt.

4. In the above circumstances, Ministry of Home Affairs have no comments to offer in the matter.

12.7.2000

(A.K. Paitandy)
Director (IS-I)
Tel No.3012478

Shri Raj Pratap Singh, Director, PMO

MHA UO No.I/12014/21/2000 IS (D.III) dated 12-7-2000

प्रधान मंत्री कार्यालय
**PRIME MINISTER'S OFFICE**

नई दिल्ली-110 011
New Delhi-110 011

Enclosed please find a copy of letter dated 6.6.2000 addressed to PM by Sh. B.R. Tamta regarding **Netaji Subhash Chandra Bose**.

It is requested that comments in the matter may kindly be sent to this office urgently.

**[ Raj Pratap Singh ]**
**Director**

1. **Cabinet Secretary** -8/c — 15/R
2. **Foreign Secretary**
3. **Finance Secretary**
4. **Defence Secretary** -13/c —
5. **Secretary, M/o Urban Development & Poverty Alleviation** -11/c —
6. **Secretary M/o Tourism and Culture** (14/c)
7. **Secretary , M/O Information & Broadcasting** - 7/c

---

PMO U.O. No. 915/11/C/2/2000-Pol dated July 24, 2000

9/c
16/R
SNo.7/c

(6) 14/C (24) 14/C

गोपनीय

बी.आर.टम्टा आई.ए.एस.(अ.प्र.)

द्वारा सतीश टम्टा एडवोकेट

416 लायर्स चैम्बर पटियाला हाउस

नई दिल्ली दू.भा. 3389126

जून 6, 2000

परम श्रद्धेय वाजपेयी जी,

आशा है लन्दन से भेजा श्री सुभाप चन्द्र बोस जी की मृत्यु सम्बन्धी मेरा पत्र आपको मिल गया होगा। जैसा कि उन जॉच दस्तावेजो में लिखा हैं कि सुभाप जी के समान में दो वक्सो में सोना था। वहां पर अन्य कागजों में यह भी लिखा था कि विमान के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने पर घटनास्थल से उन बक्शों में भरा सोना व हीरा जवाहरात भी मिले जो वहॅा पर बैंक में रख दिया था। चूँकि यह सब धन दक्षिण पूर्व में गठित आजाद हिन्द सरकार का था। अतः सुझाव है कि भारत सरकार इस धन पर अपना अधिकार जताते हुए, इसकी वापसी की मांग करे।

मेरा तो यह भी सुझाव है कि एक ट्रस्ट नेता जी के नाम पर बनाया जाय जिसमें यह धन भी रखा जाय, और देश वासियों के नाम पर एक अपील जारी की जाय कि इस महान देश भक्त की स्मृति में वे इस ट्रस्ट में मुक्त हस्त से दान दें, कि लालकिला व इन्डिया गेट पर नेता जी की विशाल मूर्तिया स्थपित की जाय। एक कमीशन बने जो विस्तार पूर्वक दक्षिण पूर्व एशिया में उनकी भूमिका-

वहाँ स्थित भारतीय व अन्य स्थायी जनता के योगदान की विस्तृत वर्णन प्राप्त करे। सुभाष बाबू (नेताजी) के जन्म से लेकर मृत्यु तक की घटनाओं पर एक ग्रन्थ लिखा जाय तथा उसी प्रकार उनके पत्र, भाषण, लेख की, पुस्तकें लिखी जाय तथा सभी भारतीय भाषाओं में इन सब का अनुवाद हो/ आजाद हिन्द फौज के जवानों तथा उनके आश्रितों के देखभाल के लिए एक विभाग बनाया जाय।

मेरा तो निश्चित मत है कि भारत की आजादी के नेता जी ही एक मात्र महानायक थे। सन 42 में गाँधी जी द्वारा काँग्रेस का.का.के विरोध पर भी "अंग्रेजो भारत छोडो" का नारा नेता जी के आग्रह पर दिया । मेरी नेता जी के प्रति अटूट श्रद्धा है। डा. धर्मवीर भारती जी के आग्रह पर मैने एक लेख नेताजी पर लिखा था जो 16-22 फरवरी 96 के धर्मयुग में प्रकाशित हुआ था उसकी प्रति आपके अवलोकनार्थ संलग्न है। यदि इस कार्य में मेरे सहयोग की आवश्यकता हो तो ऊपर लिखे पते पर आदेश देने की कृपा करें।

भवदीय
बी.आर. टम्टा
(बी.आर.टम्टा)

सेवा में
श्रीमान अटलबिहारी वाजपेयी जी
प्रधानमंत्री
7 रेस कोर्स रोड
नई दिल्ली


सुभाष

*→ जो टूट गया पर झुका नहीं वे थे सुभाष. गांधी जी तक ने उनके जीवन कालमें उन्हें गलत समझा, सुभाष के कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर अनेक नेताओं ने उनको सहयोग नहीं दिया, वे अकेले पड़ गये पर न वे अपने मन में कोई कटुता लाये, न निराशा. जिस वीरता से उन्होंने अकेले दम पर विश्वव्यापी ब्रिटिश साम्राज्यशाही से टक्कर ली, जिस तरह निर्वासन में उन्होंने दीवाने देशभक्तों का विराट जुझारू संगठन खड़ा कर दिया, उसकी गाथा युग-युगों तक भारतीय युवा हृदयों को रोमांचित करती रहेगी.*

*इतिहास गवाह है कि ब्रिटिश हुक्मरानों का हौसला आजाद हिंद ... पस्त कर दिया था, तभी वे आजादी देने को तैयार हुए (... भी विभाजन कुटिल साजिश के साथ), लेकिन दुखद सत्य है कि आजादी के बाद सुभ... को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह नहीं मिला. इस कांग्रेस शताब्दी अवसर पर भी उनकी याद केवल रस्मी तौर पर की गयी. इसीलिए इस ... वसंत के अवसर पर हम सबसे पहले याद कर रहे हैं सुभाष की जो उदा... मानवीय करुणा से ओतप्रोत अदम्य साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति थे-*

अंग्रेजों ने इस बात को कभी स्वीकार नहीं किया कि उन्होंने भारत पर आधिपत्य जमाया है. वे सदैव विदेशों में तथा अंग्रेज जनता से यही कहते रहे कि उन्होंने भारत की गरीब, असभ्य व शोषित जनता को सभ्य इनसान बनाने का उत्तरदायित्व ओढ़ कर अंग्रेजी न्याय व कानून की व्यवस्था लागू की है जिसका सर्वत्र जयजयकार किया जाता है. जिस दिन भारतीय स्वयं सत्ता संभालने योग्य हो जायेंगे, उन्हें सत्ता सौंप दी जायेगी. इसलिए वे वहां राज नहीं कर रहे, वरन मजबूरी में एक जिम्मेवारी निभा रहे हैं. उन्होंने भारत को स्वतंत्र करने की बात कभी नहीं कही. क्योंकि जब आधिपत्य ही नहीं किया, तो आजादी का प्रश्न ही कहां? इसीलिए १५ अगस्त, १९४७ को वे 'सत्ता का हस्तांतरण' दिवस ही कहते हैं. उनके अनुसार उन्होंने स्वेच्छा से यह महान दया का दान दिया.

लेकिन उसका एक वास्तविक पक्ष भी है कि अंग्रेजों ने किस प्रकार कूटनीति, सैनिक शक्ति, झूठ, फरेब व भ्रष्ट तरीकों से भारत पर आधिपत्य जमाया. सत्ता हथियाने पर उन्होंने पूर्ण सैनिक शक्ति से शासन किया. जिसे हम 'मिलिटरी डिक्टेटरशिप' कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी.

## तीन स्वतंत्रता संग्राम

स्वतंत्रता संग्राम में कांग्रेस की प्रधान भूमिका रही. गांधीजी के नेतृत्व में यह आंदोलन गांव-गांव, घर-घर फैला और सभी पुरुष-स्त्रियों तथा बच्चों ने इसे जनआंदोलन का रूप दिया. किंतु केवल अहिंसा के बल पर हमें आजादी मिली यह कहना उचित नहीं है. यह सही है कि सत्य, अहिंसा पर आधारित असहयोग आंदोलन ने महान जनजागृति की, स्वतंत्रता के लिए जनमानस में एक अकुलाहट पैदा की तथा एक ऐसे अनुकूल वातावरण की संरचना की, जिसमें क्रांतिकारी जल में मछली की तरह स्वच्छंद विचर सके. स्वतंत्रता तो हमें सशस्त्र क्रांति द्वारा ही मिली. अब जो तथ्य मिले हैं उस आधार पर हम स्वतंत्रता संग्राम को तीन भागों में विभाजित कर सकते हैं. १८५७ की क्रांति को सभी मानते हैं कि वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था. दूसरा संग्राम १९४२ का था. जिसका मुख्य श्रेय गांधीजी को जाता है. तीसरा व अंतिम संग्राम आजाद हिंद फौज का था, जो १९४३ से १९४५ तक नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नेतृत्व में बर्मा में लड़ा गया.

कांग्रेस सत्य व अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए एक शांत नदी की तरह अविरल बहती रही. किंतु यदाकदा जब आक्रोश की प्रलयंकारी बाढ़ आ जाती तो यह शांत जलधारा उग्र रूप धारण कर सीमा-बंधन तोड़ कर अलग धारा के रूप में बहने लगती. इस प्रकार स्वतंत्रता संग्राम के अथाह सागर में शीत व ऊष्ण दोनों धाराएं निरंतर बहती रहीं, कभी साथ-साथ तो कभी अलग-अलग. कांग्रेस में ये धाराएं गरम दल और नरम दल के नाम से जानी जाती थीं.

गरम दल का कहना था कि भारतीयों की दयनीय स्थिति के लिए अंग्रेज जिम्मेवार हैं, जो सैनिक बल पर शासन करते हैं तथा वे कभी भी स्वेच्छा से अपने अधिकार नहीं छोड़ेंगे. अतः अनुनय-विनय से कुछ नहीं होगा. उन्हें हिंसा का सहारा लेना पड़ेगा. अधिकार मांगने से नहीं, वरन छीनने से मिलते हैं. उन्होंने सशस्त्र क्रांति का नारा दिया. वास्तव में कांग्रेस साधारण राजनीतिक पार्टी से भिन्न थी. स्वाधीनता में विश्वास करनेवाले विभिन्न विचारधाराओं के लोग मिलते व बिछुड़ते रहे. यह क्रम बराबर चलता रहा. २३ सितंबर १९४५ को लॉर्ड वावेल ने अपने सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखे पत्र में कांग्रेस की इस सर्वग्राह्यता पर लिखा—"कांग्रेस ने सदैव ऐसे व्यक्तियों को सम्मिलित किया जो अंग्रेजों के साथ सुधार के स्थान पर क्रांति, सविनय अवज्ञा की अपेक्षा हिंसा तथा सहयोग की जगह असहयोग करना कहीं अधिक अच्छा समझते थे"(ट्रांसफर ऑफ पॉवर,-६-२३.९.१९४५)

## गांधी जी भी दहल गये

गांधीजी प्रारंभ में हृदय परिवर्तन द्वारा अंग्रेजों से मानवीय अधिकार प्राप्त करने की अपेक्षा करते थे तथा उनके प्रति प्रेम,सद्भाव व मित्रता का नाता जोड़े हुए थे. किंतु अमृतसर के जलियांवाला बाग के नरसंहार से अंग्रेजों के प्रति उनकी राय बदल गयी. अब वे अंग्रेजों के कट्टर विरोधी बन गये. जलियांवाला बाग से संबंधित अधिकारियों को जब दोषमुक्त कर दिया गया तो उन्होंने वाइसरॉय को १ अगस्त १९२० को लिखा—"यदि यूरोप में...पंजाब जैसे कांड को क्षमा किया जाता तो वहां की जनता खूनी क्रांति कर उठती... किंतु क्या किया जाये, आधा भारत सशस्त्र मुठभेड़ के लिए बहुत कमजोर है और शेष आधा ऐसा करने को तत्पर नहीं है." उन्होंने *यंग इंडिया* में लिखा— "मैं इस बात में पूर्ण विश्वास करता हूं कि जहां पर हिंसा या कायरता में से एक को चुनने की बात हो, मैं हिंसा की सलाह दूंगा." १९२० के सविनय अवज्ञा आंदोलन की पृष्ठभूमि यही थी, किंतु चौरीचौरा की हिंसक घटना के कारण आंदोलन वापस ले लिया गया. जिससे मोतीलाल नेहरू, जिन्ना, लाला लाजपतराय तथा जवाहरलाल नेहरू उनसे नाराज हो गये.

## क्रांतिकारी घटनाएं

बंगाल शुरू से ही सशस्त्र क्रांति के पथ पर अग्रणी रहा है. वहां *जुगांतर* अखबार निरंतर जनजागरण करता रहा. अनेक हिंसक घटनाएं हुईं, शचींद्र सान्याल व बंकिमचंद्र मित्रा को बनारस षड्यंत्र कांड में कालेपानी की सजा दी गयी. पंजाब में भी क्रांति की ज्वाला धधक रही थी.फिरोजपुर, अमृतसर, रावलपिंडी, स्यालकोट, लायलपुर, लाहौर सभी स्थानों पर उपद्रव हुए तथा अंग्रेजों को अपमानित किया गया. स्थिति पर काबू पाने के लिए लाला लाजपतराय व अजीत सिंह को देश-निकाले की सजा दी गयी. पर स्थिति बिगड़ती ही गयी. बाद में साइमन कमीशन के विरोध के दौरान शेरे पंजाब लाला लाजपतराय को आयी गंभीर चोटें उनकी मृत्यु का कारण बन गयीं. काकोरी के पास रेल लूटने में शचींद्र सान्याल को दोबारा कालापानी भेजा गया.

देश में क्रांति की अनेक हिंसक घटनाएं हुईं. इनमें से भगतसिंह का केंद्रीय एसेंबली में बम फेंकना, एक ऐतिहासिक घटना थी. सारे देश ने इस महान देशभक्त की वीरता का सम्मान किया और देश को जगाने के अपने प्रयास में वे पूर्णतया सफल रहे. चंद्रशेखर आजाद ने जिस वीरता से अंग्रेजों का मुकाबला किया, वह इतिहास की अद्वितीय घटना है. आंध्रप्रदेश में लालूरी सीताराम राजू के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष हुए. उसे गोली से उड़ा दिया गया.इस तरह की कितनी ही क्रांतिकारी घटनाओं, बम विस्फोट, डाकेजनी और सशस्त्र मुठभेड़ों में अनेक साहसिक युवाओं ने अपने प्राणों की बाजी लगा कर आजादी की लड़ाई लड़ी. कई फांसी के तख्ते पर झूल गये. शेष लंबी सजा भुगतने के लिए कालापानी की सेल्यूलर जेल में बंद कर दिये गये, जहां उन्हें घोर यातनाएं दी गयीं. १९३८ तक लगभग ३०० से अधिक क्रांतिकारी अंडमान की सेल्यूलर जेल में बंद किये गये, जिनमें चटगांव शस्त्रागार तथा द्वितीय लाहौर के ... लोग भी थे.

अगस्त १९४२ में गांधीजी तथा अ... कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार कर लिये जाने ... सारे देश में हिंसा भड़क उठी. जब गांधीजी ... गिरफ्तार किया गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप ... कहा, "मैं अब इस आंदोलन का संचा... नहीं कर सकता. हर व्यक्ति अपने आपको स्व... समझ कर जो उचित समझे, करे." जयप्रक... नारायण ने भूमिगत हो कर विद्रोह में महत्व... भूमिका निभायी. सरकारी आंकड़ों के अनु... केवल उत्तरप्रदेश में १०४ रेलवे स्टेशनों ... हमला किया गया, ४२५ घटनाएं टेलिफोन ... टेलिग्राफ की लाइन तोड़ने की हुईं. मद्रास, बं... बिहार, सी. पी. (मध्यप्रदेश) तथा यू.... में क्रांति की भीषण ज्वाला भभक उठी. सरकारी रिपोर्ट में कहा गया— "बलिया ... एक तहसील में भीड़ का नेतृत्व एक कांग्रेस... किया. और खुद को 'स्वराज तहसील... घोषित कर दिया. तहसील की चहारदीवारी ... कर सारे कागजात नष्ट कर दिये और सर... खजाने से पंद्रह हजार रुपया लूट लिया." रि... में आगे कहा गया कि "बलिया में क्रांतिका... ने सारी व्यवस्था तहस-नहस कर दी. ख... तथा शस्त्रागार पर कब्जा कर लिया. ... क्रांतिकारी नेता प्रशासक बन गया, एक ... अधिकारी बन गया तथा वे प्रशासन को मन... ढंग से चलाने लगे. जेल में गिरफ्तार नेताओं ... मुक्त कर दिया गया और चित्तू पांडे के नेतृत्व ... एक राष्ट्रीय सरकार बना दी."

१९४२ में तत्कालीन शासकों ने स्वप्न में ... कल्पना नहीं थी कि बिना नेतृत्व के इतनी ... क्रांति हो सकती है. एकाएक १८५७ की ... ताजी हो उठी और पथ-प्रदर्शन के लि... १८५७ की क्रांति की किताबों के पन्ने उ... लगे. वे पागलपन, क्रूरता और बर्बरता पर ... आये. निर्दोष लोगों को उलटा पेड़ों पर ल... कर मारा गया. कई स्थानों पर औरतों और ... को जलती आग में फेंक दिया गया.

सुभाषचंद्र बोस अंग्रेजों की राजनीति ... अच्छी तरह समझते थे. उन्हें पक्का विश्वास ... कि अंग्रेज तब तक भारत नहीं छोड़ेंगे जब ... उन्हें धक्के मार कर निकाला नहीं जायेगा; ... केवल सशस्त्र क्रांति के द्वारा ही संभव था. ... शुरू से ही सैनिक प्रशिक्षण के पक्ष में थे. ... में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में स्वयंसे... की परेड का उन्होंने इतना अच्छा प्रदर्शन ...

... सभी प्रभावित हुए. गरम दल जो कांग्रेस का अभिन्न अंग रहा—१९१७ की रूसी क्रांति से बा[illegible] प्रभावित हुआ, जो अब वामपक्ष के नाम से जाना जाता था. इसमें जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस आदि थे. किंतु नेहरूजी गांधीजी पर अटूट विश्वास और असीम निष्ठा के कारण उनका साथ नहीं छोड़ सकते थे.

## नेताजी का ओजस्वी संदेश

द्वितीय महायुद्ध छिड़ने पर सुभाषचंद्र बोस में एक नयी स्फूर्ति आ गयी. उन्हें इसमें भारत को पराधीनता से मुक्त कराने की एक नवीन प्रकाश किरण दृष्टिगोचर हुई. दक्षिण-पूर्व एशिया में आजाद हिंद फौज ने जो क्रांतिकारी कदम उठाये उससे अंग्रेजों को बड़ा धक्का लगा. भारत की स्वतंत्रता में आजाद हिंद फौज की महत्वपूर्ण भूमिका रही. नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपनी ओजस्वी वाणी से आजाद हिंद फौज के जवानों में एक नवजीवन की स्फूर्ति भर दी थी. ५ जुलाई १९४३ में आजाद हिंद फौज के जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "...यह आपका सौभाग्य है कि इस पुनीत अवसर पर प्रथम बार आप भारत की मुक्तिवाहिनी का संगठन कर रहे हैं... हर्ष तथा गर्व से मस्तक ऊंचा कीजिए कि आप इस महान उद्देश्य के पथ को बनानेवाले तथा प्रमुख सेनापति हो... मैंने कहा है, आज का दिन मेरे जीवन का सर्वाधिक गौरवपूर्ण दिन है. गुलाम लोगों के लिए भारत की मुक्तिवाहिनी का प्रथम सिपाही बनने से बड़ा कोई गौरव और सम्मान नहीं है. परंतु इस सम्मान के साथ उतना ही बड़ा उत्तरदायित्व भी है. मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं अंधकार व प्रकाश, दुख व सुख तथा हार व जीत में निरंतर आपके साथ रहूंगा. वर्तमान में मैं आपको कुछ नहीं दे सकता सिवाय भूख, प्यास अकेलापन, जबरदस्ती का पैदल चलना तथा मौत के. लेकिन यदि आप जीवन व मृत्यु में मेरे पीछे चलेंगे, जैसा कि मेरा विश्वास है आप चलेंगे तो मैं आपको विजय तथा स्वतंत्रता की ओर ले जाऊंगा. इस बात की हमें कोई चिंता नहीं करनी चाहिए कि हममें से भारत को स्वतंत्र देखने के लिए कौन जीवित रहेगा. यही एक बड़ी बात होगी कि भारत स्वतंत्र होगा और हम अपना सर्वस्व उसे स्वतंत्र कराने के लिए अर्पण कर देंगे. भगवान हमारी सेना को आशीर्वाद दे. आनेवाली लड़ाई में हमें विजय दे.'' **(सिलेक्टेड स्पीचेज ऑफ सुभाषचंद्र बोस).**

सुभाषचंद्र बोस ने अपने अदम्य उत्साह, महान देशप्रेम, त्याग व कर्तव्यपरायणता से बर्मा में आजाद हिंद फौज को इतना कुशल नेतृत्व प्रदान किया कि उनके सामने अनुभवी जापानी सेनानायक भी फीके पड़ जाते थे, किंतु नियति ने साथ नहीं दिया. मृत्यु के दो दिन पूर्व, पूर्व एशिया में रहनेवाले प्रवासी भारतीयों को एक संदेश में उन्होंने कहा, "भाइयो और बहनो, स्वतंत्रता संघर्ष के एक गौरवपूर्ण परिच्छेद में पूर्व एशिया में स्थित भारतीय पुत्रों व कन्याओं का स्थान अमर रहेगा. आपने भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष में जन, धन व युद्ध सामग्री झोंक कर अपनी देशभक्ति व त्याग का जाज्वल्यमान उदाहरण दिया है. मैं कभी नहीं भूलूंगा, जिस तत्परता तथा उत्साह के साथ मेरी 'सब चल पड़ो' की पुकार को आप लोगों ने अंगीकार किया. आपने अपने पुत्र-पुत्रियों की एक अनंतधारा आजाद हिंद फौज तथा रानी झांसी की रेजिमेंट के सैनिक शिविरों में प्रशिक्षण के लिए प्रवाहित की. धन तथा अन्य सामग्री आजाद हिंद की अस्थायी सरकार के खजाने में मुक्त हस्त से बिखेर दी. संक्षेप में



*आजाद हिंद फौज की यूरोपीय शाखा की स्थापना पर आयोजित चाय-पार्टी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस*

आपने भारत के सच्चे पुत्र-पुत्रियों का कर्तव्य निभाया. आपसे अधिक मुझे क्षोभ है कि आपके कष्ट व त्याग. बलिदान ने तुरंत अपना फल नहीं दिया. परंतु वे बेकार नहीं गये हैं, क्योंकि उन्होंने हमारी मातृभूमि की मुक्ति की बात पक्की कर दी है और संसार में सभी भारतीयों के लिए यह चिरंतन प्रेरणा का स्रोत रहेगा. आनेवाली पीढ़ियां आपके नाम की दुहाई देंगी और वे, भारत के मंदिर में आपने जो बलिदान दिया तथा जो ठोस उपलब्धियां प्राप्त कीं, उनकी गर्वपूर्वक चर्चा करेंगी.

"अपने इतिहास के इस अप्रासंगिक घटनाचक्र के साथ मैं केवल एक शब्द कहने की आशा करता हूं, हमारी इस क्षणिक असफलता से आप हताश न हों. खुश रहें और अपना मनोबल ऊंचा रखें. एक क्षण के लिए भी भारत के उज्ज्वल भविष्य में अपने अडिग विश्वास को हिलने न दें. पृथ्वी पर कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो भारत को गुलाम रख सके. भारत स्वतंत्र होगा और शीघ्र ही." **(सिलेक्टेड स्पीचेज... पृ. २६८).**

## अंग्रेज भयभीत

आजाद हिंद फौज के सिपाही जब कैदी के रूप में भारत आये तो वे अपने साथ एक तूफान लाये, जिसने भारत की सोयी जनता को झकझोर दिया. एकाएक आजाद हिंद फौज के गीतों व जयहिंद के नारों से भारत गूंज उठा. अंग्रेज पछताने लगे कि उन्हें रंगून में ही गोली से क्यों न उड़ा दिया. इस बात से अंग्रेज सैनिक कमांडर हतप्रभ थे कि सुभाषचंद्र बोस के अंदर वह कौन-सा चुंबकीय आकर्षण था कि इतने वफादार सैनिक एकाएक उधर चल पड़े. कमांडर इन चीफ ऑचिनलेक लिखता है— "वे लोग जिन्होंने मेरी तरह एक लंबा समय भारतीय सैनिकों के बीच व्यतीत किया, सदैव इस बात को मान कर चले कि हमारे जवानों की वफादारी वास्तविक रूप से रेजिमेंट के अफसरों या रेजिमेंट के प्रति है और देशभक्ति सरकार तथा बादशाह के प्रति है. हांगकांग की हार के बाद सिंगापुर की भीषण दुखांत घटना से अधिकांश वी. सी. ओ. तथा सेना की अन्य निचली श्रेणियों, को लगा होगा कि सारी चीजों का अंत हो गया है— और निश्चय ही ब्रिटिश राज का. उस राज का, जिसको युद्ध एवं शांति में लंबे अरसे तक रेजिमेंटल अधिकारियों द्वारा कार्यरत सेना एक जगत स्रष्टा व रक्षक के रूप में मानती थी.

"...अपनी आंखें इस तथ्य को देखने से मूंदने में कोई लाभ नहीं कि कोई भी भारतीय अधिकारी जिसमें थोड़ी भी समझ है, वह राष्ट्रवादी है... ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा उनके प्रति अत्यधिक भेदभाव, बदतमीजी व अपमान का क्या परिणाम होगा, उन्हें यह अच्छी तरह समझ लेना था." **(कमांडर इन चीफ का पत्र— दि वार आफ दि स्प्रिंगिंग टाइगर्स— जीराड एच. कौर)**

आजाद हिंद फौज के बंदी सैनिकों के संबंध में क्या नीति अपनायी जाये, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न था. जीराड कौर के अनुसार शुद्ध कानून की दृष्टि से राजद्रोह के दोषी होने के कारण वे सभी फांसी के पात्र थे. किंतु यह बात विवादास्पद है. उन्हें क्या सजा दी जाये, इस संबंध में अंग्रेज जनरलों में गहरा मतभेद था.

आजाद हिंद फौज के गिरफ्तार सैनिकों को भारत लाने के पूर्व सेना के गुप्तचर विभाग ने उनकी जांच की तथा डरा-धमका कर, मनोबल तोड़ कर दिमाग साफ करना चाहा. उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा— "...आजाद हिंद फौज के सभी श्रेणी के सैनिकों पर सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व का असीम प्रभाव है जिससे हम इनकार नहीं कर सकते. रंगून में सैनिकों को उनके विरुद्ध भड़काने के प्रयास निष्फल रहे. वे सब उसे एक ऐसा नेता मानते हैं जो ईमानदार और निष्ठावान है, और जिसने सुदूर पूर्व में भारतीयों की प्रतिष्ठा को ऊंचा किया है... जब उनसे पूछा गया गया, वह सांप्रदायिक भावनाओं को पूर्ण रूप से मिटाने में समर्थ नहीं हुआ तो उनका उत्तर था—अंग्रेज तो और भी ज्यादा विफल रहे, उनके पास एक लंबी अवधि थी. किस प्रकार बोस उनके दिल व दिमाग पर छाया हुआ है, उसका आभास एक सैनिक कैदी के व्यवहार में मिलता है, जिससे पूछताछ की गयी थी. प्रश्नकर्ता ने जानबूझ कर बोस की हंसी उड़ानी चाही तथा भारत के अन्य नेताओं की अपेक्षा उसकी भर्त्सना का प्रयास किया तो उस आदमी ने तर्क करने का प्रयास तक नहीं किया, वह चुप हो गया. उसके व्यवहार से लगा जैसे कि वह कह रहा हो— तुम्हें कुछ नहीं मालूम." (ट्रा. पॉ. ५-पृ.१२८४)

## व्यापक जन समर्थन

जब लालकिले में आजाद हिंद फौज के कैदियों की सुनवाई हुई तो अपार जनसमूह उमड़ पड़ा तथा इस मुकदमें की सुनवाई का विरोध करने लगा. भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हिंसा का सहारा लिया गया, जिसमें १०० से अधिक लोग मारे गये या घायल हो गये. देश के नामी वकील उनके बचाव के लिए खड़े हो गये. पच्चीस वर्ष बाद काला गाउन पहन कर पंडित जवाहरलाल नेहरू भी बचाव के लिए खड़े थे. सारे देश की नजर अब इन मुकदमों पर थी. जनभावना का इतना प्रबल प्रदर्शन देख कर अंग्रेज सरकार घबरा उठी. प्रदेशों की प्रतिक्रिया जानने के लिए वाइसरॉय वावेल ने वहां के गवर्नरों की राय मांगी.

यू. पी. के गवर्नर हैलेट ने अपने पत्र में लिखा— "मैंने आपसे लखनऊ में आजाद हिंद फौज के कैदियों से संबंधित गड़बड़ के बारे में कहा था. रिपोर्टों से मालूम पड़ता है क्रांतिकारी संस्थाएं पुनः संगठित होना शुरू हो गयी हैं, जो हाल में जेल से छोड़ने के बाद अप्रत्याशित नहीं है. ऐसे संकेत मिल रहे हैं, संभवतः व्यक्तिगत सेनाएं संगठित हों. ऐसी सूचनाएं मिली हैं कि बनारस व इलाहाबाद में ब्रिगेड शुरू की जायेगी. मुझे खेद है कि हमें १९४२ की बगावत में सी. आइ. डी. ने धोखे में रखा. मैंने लिनलिथगो से कहा था कि मैंने तथा मेरे अधिकारियों ने इतने बड़े कांड की कल्पना तक नहीं की थी.

"दूसरी आवश्यक बात आजाद हिंद फौज की है... कांग्रेस द्वारा इन्हें पूर्ण सहायता दिये जाने के समाचार के प्रचार का परिणाम यह हुआ कि मु... बनारस से सूचना मिली है कि कि... आंदोलनकारी ने धमकी दी है, ... आजाद हिंद फौज के लोगों को मुक्त नहीं किया गया तो इसका बदला यूरोपीय बच्चों की जान लिया जायेगा. कहा जाता है कि आगरा के कि... होटल से हिंदी व अंग्रेजी में लिखे कुछ प... मिले, जिनमें कहा गया है कि यदि आजाद हि... फौज के एक भी सिपाही को मारा गया अंग्रेजों की हत्या की जायेगी. ये संभवतः ... बातें हैं, पर इस बात का संकेत देती हैं कि ...

किस ओर बह रही है. जबलपुर जेल से छोड़े गये कुछ आजाद हिंद फौज के जवानों का इलाहाबाद के कांग्रेस मुख्यालय में स्वागत किया गया, . एक प्रकार से नेहरू का घर है.ऐसी भी रिपोर्ट है कि इलाहाबाद, बमरौली और कानपुर के वायु सैनिकों ने आजाद हिंद फौज के जवानों के मुकदमे लड़ने के लिए चंदा दिया है." (ट्रां. पॉ;-६-पृष्ठ-५०६).

इसी प्रकार सी. पी. के गवर्नर ने वावेल को लिखा, "जबलपुर में एक वक्ता ने कहा कि आजाद हिंद फौज कांग्रेस की सेना है. जब उसने पूछा कि इसमें शामिल कौन होगा तो उपस्थित भीड़ में सभी ने अपने हाथ उठा दिये." (ट्रां. पॉ;-ट्वाइनम- वावेल-६,२६-११-४५).

मद्रास का गवर्नर आजाद हिंद फौज के संबंध में लिखता है— "मदुरै में भीड़ हिंसा पर उतर आयी तथा गोली चलानी पड़ी." आजाद हिंद फौज के मुकदमों के संबंध में वह लिखता है— "लोगों की आम राय है कि हमने पार्टियों को चुनाव के लिए बहुत बढ़िया मसाला दे दिया है और कांग्रेस उसका लाभ उठा रही है. दूसरा, यह समझा जा रहा है कि हमने अपने को एक भयानक स्थिति में डाल दिया है. नेहरू तथा उनकी मंडली की कृपा से, जिसका कि यहां अनुसरण किया जा रहा है, आजाद हिंद फौज वालों को एक महान 'हीरो' बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं. ये प्रयास यहां की भावुक व अनजान जनता में सफल भी हो रहे हैं. यदि अपराधियों को फांसी या लंबी सजाएं दी गयीं तो यहां बगावत होने का खतरा है. दूसरी ओर यदि उन्हें छोड़ा गया तो इसके माने है, हम अपने वफादारों को नीचा दिखा रहे हैं और लोग अनुभव करेंगे कि वफादारी किसी काम की नहीं है." (ट्रां. पॉ; पृ; ६३१)

फ्रंटियर के गवर्नर ने वावेल को लिखा— "कमांडर इन चीफ को इस बात की घोषणा कर देनी चाहिए कि भारतीय जनमत इन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमें चलाये जाने के पक्ष में नहीं है. इसलिए वह इन्हें समाप्त कर किसी के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाता. जैसे-जैसे दिन व्यतीत हो रहे हैं, यह मामला भारतीयों बनाम अंग्रेजों का बनता जा रहा है. मैं इन जोरदार शब्दों में इस बात को कहना पसंद नहीं करता क्योंकि इसके .ने है, हमने धमकी के आगे घुटने टेक दिये और कोई भी समझदार व्यक्ति एक क्षण के लिए भी इस बात में शक नहीं करता कि अच्छा होता यदि आजाद हिंद फौज के उत्पाती नेताओं को वहीं गोली से उड़ा दिया गया होता... किंतु वह भावना अब चली गयी है जिसे वापस नहीं लाया जा सकता.

"मुझे आपके तथा काड. ए. (कमांडर इन चीफ) के लिए इस मामले में दया आ रही है. मेरी जानकारी में भारत में समाधान की इतनी विकट समस्या इससे पहले कभी पैदा नहीं हुई. जो कुछ मैंने यहां विभिन्न भारतीयों तथा अंग्रेजों से सुना है उससे मुझे विश्वास है, ऐसी स्थिति में हमें जितना हो सके अपना कम-से-कम नुकसान हो, ऐसा करना चाहिए." (ट्रां. पॉ;-६,२७-११-१९४५).

## सैनिक विद्रोह की आशंका

इसी प्रकार भारत सरकार के गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट में भी कहा गया,"आजाद हिंद फौज ने गंभीर व खतरनाक स्थिति पैदा कर दी है. चारों ओर उनके प्रति संवेदना व सहानुभूति है...... राष्ट्रवादियों का कहना है कि आजाद हिंद फौज के लोग देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत थे और मांग की गयी है कि किसी को भी सजा न दी जाये.

"सेंट्रल प्रोविंस में अक्तूबर के प्रथम पक्ष में कम-से-कम १६० राजनीतिक सभाओं में आजाद हिंद फौज के विरुद्ध कार्रवाई बंद करने की मांग की गयी. ऐसी ही मांगें अन्य प्रदेशों की आम सभाओं में की गयी हैं और देश के अंदर इस प्रकार की सभाओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है... इस समय नेहरू भी सार्वजनिक रूप से आजाद हिंद फौज के जवानों को आजादी के सिपाही के रूप में संबोधित कर रहा है. और स्वयंसेवी संस्थाओं में इनका प्रयोग करने का श्रेय नेहरू को दिया जा रहा है... इस आंदोलन के खतरनाक दिशा में मोड़ लेने की संभावनाओं के रहते आवश्यक है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जाये... भारतीय सेना में फूट पड़ने की संभावना की बात टालना मूर्खता होगी." (ट्रां. पॉ;-६-आइ.बी. ).

आजाद हिंद फौज के मुकदमों के विषय में वावेल-सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखता है, "...आजाद हिंद फौज के मुकदमें चालू हैं. जिस प्रकार विपरीत प्रचार होने लगा है उससे स्पष्ट है कि सरकार का भारी नुकसान होने लगा है. जिससे भारतीय सेना के मनोबल को भी खतरा पैदा हो गया." सारी स्थिति का विवेचन करते हुए ब्रिटिश कैबिनेट के विचारार्थ रिपोर्ट में कहा गया "...अब तो भारत में बिना लाइसेंस के बंदूकें काफी हैं और अब उनके प्रयोग के लिए बहुत से आजाद हिंद फौज के जवान भी उपलब्ध हैं. सेना से विस्थापित बहुत से सिपाही भी कस्बों व गांवों में होंगे, जिन्हें सहयोग के लिए कांग्रेस अपने पक्ष में कर सकती है. ये सब लोग हथियारों के प्रयोग में पूर्ण प्रशिक्षित हैं तथा आजाद हिंद फौज को अंग्रेजों के विरुद्ध सफलता से कैसे लड़ाया जा सकता है, उसका भी उन्हें बहुत कुछ ज्ञान है. इस बात का अंदाज लगाना कठिन है कि सेना की स्थिति कैसी होगी. निःसंदेह कांग्रेस व आजाद हिंद फौज के आंदोलन ने लगभग सारे देश को एकता के सूत्र में बांध दिया है, जिससे स्वाभाविक रूप में सेना भी विचलित हो गयी होगी और वे (सिपाही) कांग्रेस के सिद्धांतों के प्रति सजग होने लगे होंगे.

"अतः भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक है. यदि सरकार के खिलाफ देशव्यापी बगावत हुई तो वह इस बात पर निर्भर करेगी कि भारतीय सेना पर कितना विश्वास किया जा सकता है. यदि सरकार ने उन पर जरा भी अविश्वास प्रकट किया तो उनकी रही-सही वफादारी भी समाप्त हो जायेगी." (ट्रां. पॉ;-६;कैबिनेट (२५६) १.१२.१९४५).

वाइसरॉय वावेल ने सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखा- "बंबई के हाल के भाषण में पटेल ने कहा कि चुनाव के बाद कांग्रेस चुपचाप बैठनेवाली नहीं है. वह अंग्रेजी सरकार की सुख-सुविधा की प्रतीक्षा नहीं करेगी. जिस प्रकार रात के बाद दिन होता है, उसी प्रकार दूसरा संघर्ष प्रारंभ होगा. उसके एक दिन पूर्व नेहरू ने कहा- अब क्रांति अवश्यंभावी है. मेरा विश्वास है कि कांग्रेस इस लड़ाई की अगुवाई के लिए आजाद हिंद फौज पर आंख लगाये है. और यदि संभव हुआ तो वे सेना में बगावत फैलायेंगे. वे आशा करते हैं कि उनकी धमकी से पुलिस की वफादारी व कार्यकुशलता कम हो जायेगी. अंग्रेज आइ.सी.एस. और आइ.पी. के अधिकारी हतोत्साहित व असंतुष्ट हैं और इन सेवाओं के भारतीय अधिकारी अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं. उनके ऊपर बहुत बड़ा राजनीतिक तथा सामाजिक दबाव है. जबकि अन्य अधीनस्थ कर्मचारी, जिनके ऊपर प्रशासन का सारा भार रहता है, स्वाभाविक रूप से अपने भावी कर्णधारों की दुश्मनी लेने को तत्पर नहीं हैं." (ट्रां. पॉ;-६,वावेल-पैथिक लौरेंस को ६.११.४५).

ब्रिटिश कैबिनेट घबरा उठी, उसने कमांडर इन चीफ से पूछा, "...आप भारतीय सैनिकों पर कितना विश्वास कर सकते हैं?"उसका उत्तर यही था कि भरोसा नहीं किया जा सकता. ब्रिटिश कैबिनेट ने पूछा कि क्या गोरी पल्टन पर्याप्त संख्या में भारत भेजी जा सकती है? द्वितीय महायुद्ध से थकी ब्रिटिश फौज अब नये झंझटों में फंसना नहीं चाहती थी तथा विदेश में अनेक संवेदनशील स्थानों से उसे हटाना भी संभव नहीं था. भारत छोड़ने के अलावा अब कोई रास्ता नहीं रहा.

अब प्रश्न था, जाने से पहले किसी भी तरह भारत से संबंध सुधारे जायें ताकि व्यापार बना रहे. अंग्रेज शासक अपने व्यापारी रूप में आ गये. इसके लिए अंग्रेजी न्याय व कानून की बलि देना आवश्यक था. शायद, १८५७ के बाद पहली बार सैनिक अदालतों ने राजनीतिक दृष्टि से निर्णय लिये. जनभावना, आक्रोश व क्रांति के डर से तथा भविष्य के लिए संबंध सुधारने की दृष्टि से कमांडर इन चीफ ने वाइसरॉय व अन्य कमांडरों से राय-मशविरा ले कर आजाद हिंद फौज के सैनिकों को क्षमादान किया. जो एक प्रकार से अमर सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि थी. अपना निर्णय देने के पूर्व कमांडर इन चीफ ऑचिनलेक ने वावेल को लिखा- "मुझे जनरल ओकोनेर और स्कूनस की टिप्पणी मिली हैं. जिनमें उन्होंने गत सप्ताह दिल्ली में अपने विचारों को पुनः ... लिखा है कि भारतीय सेना के विश्वासपात्र बन रहने के लिए किसी प्रकार की और छूट देना सरासर अनुचित तथा खतरनाक होगा. भारतीय सैनिक टुकड़ियों के बीच अपने अनुभव से मैं भलीभांति जानता हूं कि एक अंग्रेज अफसर के लिए, चाहे वह कितना ही योग्य व सहानुभूति क्यों न रखता हो, भारतीय सैनिक की आंतरिक भावना को समझना कितना कठिन है. और मेरे इस विचार का इतिहास साक्षी है. मैं नहीं समझता आज कोई वरिष्ठ अंग्रेज अफसर भारतीय सैनिकों की आजाद हिंद फौज के प्रति वास्तविक भावना को जानता हो. मैं मुख्यतया अपनी अंतरात्मा से तथा विभिन्न स्रोतों से सूचना के आधार पर अनुभव करता हूं कि आजाद हिंद फौज के प्रति नित्यप्रति बढ़ती हुई सहानुभूति है... हमारे अपने नैतिक मूल्यों का मापदंड इस समस्या पर लगाना या यदि आजाद हिंद फौज के लोग हमारी जाति के होतेतोहम उनके प्रति जो नीति अपनाते-यहां वह सब असंभव है.

"...मैं अब भी आश्वस्त हूं. जो मार्ग मैंने आपको भेजी संस्तुति में सुझाया है, वही सबसे सुरक्षित व अच्छा है. जिसमें सभी ज्ञात व आवश्यक पक्षों को ध्यान में रखा गया है. अतः मेरे अपने सुझाव पर दी गयी आपकी स्वीकृति के अनुसार मैं अब आगे कार्रवाई करने जा रहा हूं" (ट्रां.पॉ; -६,ऑचिनलेक— वावेल २६.११.४५ ). और इस प्रकार आजाद हिंद फौज के झंडे में झपटता हुआ शेर का चिह्न जीवित हो उठा और वे शेर जेल के बाहर निकल आये.

माइकेल एडवर्ड लिखता है—"भारत सरकार को आशा थी कि आजाद हिंद फौज के ऊपर मुकदमा चला कर वे भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा कर पायेंगे, पर उसका असर उलटा हुआ. भारतीय सेना के सैनिकों में ग्लानि होने लगी कि हमने अंग्रेजों का साथ क्यों दिया? यदि सुभाषचंद्र व उसके सैनिक सही रास्ते पर थे, तो अब सारे भारत ने इस तथ्य की पुष्टि कर दी थी, कि तब तो भारतीय सेना के सैनिक जरूर गलती पर थे. और धीरे-धीरे भारत सरकार की समझ में आने लग गया कि उनके शासन की रीढ़ की हड्डी भारतीय सेना अब विश्वास योग्य नहीं रही. हेमलेट के पिता की तरह सुभाष बोस की 'प्रेतात्मा' लाल किले की प्राचीरों में चलने लगी और एकाएक उसका विशाल स्वरूप आजादी के संबंध में हो रहे विभिन्न सम्मेलनों को डराने लगा." (दि लास्ट इयर्स ऑफ ब्रिटिश रूल).

जीराड एच. कौर लिखता है—"आजाद हिंद फौज की स्वराज्य प्राप्ति के लिए सैनिक कार्रवाई एक भयंकर, दुखांत घटना थी, किंतु उन्होंने निस्संदेह अपने देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान किया. वे देशभक्त सैनिक के रूप में दिल्ली को चले थे, परंतु पहुंचे एक कैदी के वेश में. यह कितनी बड़ी विडंबना है कि एक

... भारतीय जनता तथा भारत ... का सबसे अधिक प्रभावित किया. शायद ही कभी पर[illegible]नों ने इतना किया हो." ([illegible]वार ऑफ दि स्प्रिगिंग टाइगर्स पृ-[illegible]६).

## कलकत्ता में हिंसा

भारत की स्थिति के बारे में बादशाह जॉर्ज ( षष्ठ ) को लिखे पत्र में वाइसरॉय लिखता है, "...नेहरू तथा कांग्रेस के नेताओं के आजाद हिंद फौज के उद्देश्यों की प्रशंसा तथा १९४२ के शहीदों को श्रद्धांजलि में दिये गये जोशीले भाषणों के प्रतिक्रियास्वरूप जिस उत्पात की आशंका मैंने प्रकट की थी, वह नवंबर के अंतिम सप्ताह में कलकत्ता में हुआ. वहां भयंकर हिंसा भड़क उठी, जो कि और भी खतरनाक हो सकती थी. घटना की शुरुआत विद्यार्थियों के जुलूस से हुई जो आजाद हिंद फौज के समर्थन में निकाला गया. जुलूस ने पुलिस के आदेशों की अवहेलना की. चार दिन बाद एकाएक भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गयी. कलकत्ता का सारा-का-सारा आवागमन ठप्प पड़ गया और पुलिस के साथ सेना भी तैयार खड़ी रही. मरनेवालों की संख्या तथा अन्य नुकसान से इस बात का अंदाज लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी भयानक बन चुकी थी. ३३ आदमी मारे गये, २०० पुलिस, फायर ब्रिगेड व सैनिक (७० ब्रिटिश व ३७ अमरीकी) तथा २०० गैरसैनिक घायल हुए, सेना व पुलिस की १५० गाड़ियां तथा बहुत बड़ी संख्या में अन्य कारें नष्ट कर दी गयीं या उन्हें नुकसान पहुंचाया गया. कैसी (गवर्नर) ने स्थिति को बड़ी तत्परता से संभाला, किंतु पुलिस के काम में बहुत कमियां नजर आयीं.

"हमें अब किसी भी कीमत पर समझौता कर लेना चाहिए और विद्रोह से बचना चाहिए. यदि विद्रोह हो गया तो वह १९४२ के विद्रोह से कहीं अधिक खतरनाक साबित होगा. किंतु मैं स्वीकार करता हूं, मुझे स्वयं यह नहीं मालूम कि यह समझौता कैसे होगा. मैं एक क्रूर पाश्चात्य जुआरी की तरह हूं जो जुआ खेलने जाते हुए एक भरी बंदूक को सावधानीपूर्वक अपने बदन के ऐसे हिस्से में छिपाये हुए है, जहां से अकस्मात आवश्यकता पड़ने पर वह इस्तेमाल कर सके साथ ही पूर्ण निष्ठा से आशा भी कर रहा है कि उसे इसका इस्तेमाल न करना पड़े." (ट्रां.पॉ. ६-पृ. ७१३).

## नौसेना में विद्रोह

१८ फरवरी १९४६ को बंबई में रॉयल इंडियन नेवी में विद्रोह भड़क उठा. यह उत्तर था उस प्रश्न का जो ब्रिटिश कैबिनेट बार-बार पूछ रही थी कि क्या हम भारतीय सेना पर भरोसा रख सकते हैं? क्या हम १५ वर्ष और अधिक भारत में रह सकते हैं? यह भारत में अंग्रेजी साम्राज्य को विध्वंस करने की अंतिम चिंगारी थी. अब तो भागना ही था, प्रश्न केवल इज्जत बचाने का था. महान देशभक्त नेताजी सुभाषचंद्र बोस की भविष्यवाणी सच निकली. अब हम आजाद थे अंग्रेजों की कृपा से नहीं वरन शहीदों के बलिदान से. हमने आजादी छीन ली. अब केवल औपचारिकता मात्र रह गयी थी. १९ फरवरी को ब्रिटेन ने घोषणा कर दी कि कैबिनेट मिशन भारत जा कर हस्तांतरण की बात करेगा. अब तक ब्रिटेन से जितने भी कमीशन आये, उनमें यह पहला कमीशन था जो निष्ठापूर्वक आया था.

उपरोक्त नौसेना विद्रोह के संबंध में पं. नेहरू ने कहा- "यह हड़ताल एक बड़े राजनीतिक महत्व की है. हमारे लड़कों ने जोश में आ कर शायद बहुत कुछ ऐसा किया हो जिससे हम सहमत न हों, किंतु इससे इसका महत्व कम नहीं हो सकता. इस घटना से सारे देश में जो तीव्र प्रतिक्रिया हुई उसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. इसने दिखा दिया है कि भारतीय सेना की विचारधारा किस दिशा में काम कर रही है. इसने यह भी सिद्ध कर दिया है कि अंग्रेजों ने भारतीय जनता व सेना के बीच जो लोहे की एक दीवार खड़ी की थी वह अब ध्वस्त हो चुकी है और भारतीय सैनिक जो मुख्यतया किसान परिवार से आते हैं, वे भी अब राजनीतिक तथा आर्थिक शोषण के प्रति उतने ही संवेदनशील हैं जितने कि उनके अन्य भाई, जो खेत व कारखानों में काम करते हैं....



*मातृभूमि को स्वतंत्र कराने का संकल्प आजाद हिंद सेना के देशभक्त जवान नेताजी के चित्र के साथ भारत की सीमा में प्रवेश करते हुए*

"ऐतिहासिक दृष्टि से एक बात स्पष्ट हो गयी है भारत में अंग्रेजी राज एक अतीत की बात बन गयी है, अंग्रेज भी इसका अनुभव करने लगे हैं. इसलिए वे अब अपने लिए राजनीतिक अधिकारों की बात नहीं करते. वे हमसे जानना चाहते है कि क्या स्वतंत्र भारत में उन्हें व्यापार की सुविधा उपलब्ध होगी, तो मैं साफ तौर से कह देता हूं कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आप हमारे देश को किस स्थिति में छोड़ते हैं. यदि आपने अपने पीछे कटुता की निशानी छोड़ी तो हम आपसे कोई संबंध नहीं रखेंगे." (स्टेट्समैन ४ मार्च १९४६ )

अब स्थिति दिन-प्रति-दिन बिगड़ती जा रही थी. अंग्रेजों में घबराहट होने लगी थी. वे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे थे. इंग्लैंड लौटने के लिए ऐसी भगदड़ मची कि जहाजों में स्थान मिलना असंभव हो गया.

## समझौते की मजबूरी

वाइसरॉय वावेल ने २२ मार्च १९४६ को बादशाह जार्ज ( षष्ठ ) को लिखा, "....पिछले तीन महीने बड़ी चिंता व निराशा के रहे हैं. प्रमुख बातें हैं, राजनीतिक भाषणों में, लगभग सभी समाचारपत्रों में, तथा विधानसभाओं में अंग्रेजी सरकार, अधिकारियों व पुलिस को निरंतर खुल कर गालियां देना, बंबई में आर.आइ.एन. में फैली बगावत के कारण हिंसा, आर.आइ.ए.एफ. में अनुशासनहीनता, भारतीय सेना में कुछ असंतोष, भारत के अनेक भागों में अभूतपूर्व सूखा तथा अकाल की स्थिति, रेलवे तथा डाक-तार विभाग में हड़ताल की धमकी तथा सर्वत्र सुरक्षा तथा कानून भंग की आम भावना.

"यह एक दुर्भाग्यपूर्ण तथा मूर्खता की एक करुण कहानी है. संभवतः इसको इस परिप्रेक्ष्य में देखना अधिक अच्छा होगा कि भारत एक नयी व्यवस्था के जन्म की प्रसव पीड़ा से गुजर रहा है. वैसे भी प्रसव पीड़ा कभी सुखद नहीं होती, अकसर खतरनाक ही होती है; और भारतीय दाइयों के क्रूर ढंग काफी बदनाम भी हैं. परंतु वे सदैव प्राणघातक नहीं होते." (ट्रां.पॉ. ६;पृ. ५४५).

इसी समय सर एक्लो (गवर्नर-असम) ने वावेल को एक पत्र भेजा, जिसमें भारत में अंग्रेजी राज का विवेचन किया गया था. उसके दार्शनिक पक्ष के निचोड़ में उन्होंने वर्ड्सवर्थ की कविता की चार पंक्तियां उद्धृत कीं. जिनका भावार्थ था—हम शक्तिशाली थे तो हमने भारत को छीन लिया. यदि आज भारत अधिक शक्तिशाली है तो वह सत्ता हथिया ले. (ट्रां. पॉ. ७ पृ. १०३)

वावेल ने २३ अक्तूबर १९४६ को सेक्रेटरी ऑफ स्टेट को लिखा –"...हिज मेजेस्टी गवर्नमेंट की भारत में शासन करने की शक्ति दिन-प्रति-दिन क्षीण होती जा रही है. अपने गवर्नरों से, जिन्हें बहुत बड़ा अनुभव है विचार-विमर्श कर, मैं आपको सलाह दे चुका हूं कि अधिक से अधिक आज से १८ माह के अंदर हममें घटनाओं पर नियंत्रण रखने की बिलकुल शक्ति नहीं रहेगी.

"घटनास्थल पर उपस्थित एक जिम्मेवार व्यक्ति के नाते मेरा यह उत्तरदायित्व है कि मैं आपको सलाह दूं कि किस प्रकार भारत में दायित्व निभाने की दृष्टि से कैसे हम इन उद्देश्यों की पूर्ति कर सकते है.

"एक सेनानायक के रूप में मुझे इस बात का ज्ञान है कि युद्धभूमि से किस प्रकार पीछे हटा जाता है. दुर्भाग्य से मुझे स्वयं इस प्रकार से पीछे हटने की क्रिया का संपादन करने का भी थोड़ा-बहुत अनुभव है. मैं निवेदन करता हूं कि भारत में हमारी वर्तमान स्थिति ठीक वैसी ही है जैसी कि उस सेना की, जो अपने से शक्तिशाली सेना के सामने पीछे हटने पर मजबूर हो, और जो स्वाभाविक रूप से कम-से-कम नुकसान के साथ यह काम करना चाहती है....

"मैं यह भी अनुभव करता हूं कि युरोपीय लोगों की सुरक्षा संबंधी सैनिक योजना के विषय में आप कुछ गलतफहमी में हैं. जिस योजना के संबंध में मैंने आपको लिखा, वह वही योजना है जो मेरी जानकारी में पिछले चालीस वर्षों से भारत में है, और मेरे विचार से संभवतः १८५७ की बगावत से है. इसमें आपातकाल में युरोपियनों को एक स्थान पर एकत्रित करने की व्यवस्था है ताकि उन्हें सैनिक सुरक्षा में रखा जा सके. ... किंतु हमें सदैव आपातकालीन योजना तो तैयार रखनी ही चाहिए," (ट्रां. पॉ. ८ पृ-५०१)

## विभाजन की साजिश

वावेल ने किस प्रकार परिवार हटेंगे सारी योजना बना दी. अब अंग्रेज जाने की तैयारी में थे. सेना जब वापस भागती है तो वह यह देख लेती है कि दुश्मनों की बढ़ती फौज के हाथ कुछ न लगे. चर्चिल, जो अब विरोधी पक्ष का नेता था किंतु वह अब भी विशेष प्रभावशाली था. युद्ध के दिनों मिलीजुली सरकार में एटली उसका मंत्री रह चुका था. अतः विशेष रूप से विदेशी मामलों में वह चर्चिल से निरंतर सलाह-मशविरा करता था. चर्चिल गांधीजी से बहुत नाराज रहता था. वह वावेल से भी इसलिए नाराज था कि उसका रुख कांग्रेस व इसके नेताओं के प्रति सद्भावना का था. मुस्लिम लीग अंग्रेजों की छत्रछाया में फूली-फली. जिन्ना के साथ चर्चिल के मधुर संबंध थे तथा उसे उसने पाकिस्तान देने का वायदा किया था. वावेल भारत के विभाजन के लिए तैयार नहीं था. अतः वावेल को वाइसरॉय के पद से हटा दिया गया और माउंटबेटन को भेजा गया, जो चर्चिल का कृपापात्र था. जब भी जिन्ना किसी बात पर अड़ जाता तो माउंटबेटन चर्चिल से कहता उसको समझाओ. बाध्य हो कर पीछे हटनेवाली सेना की तरह अंग्रेजों ने देश का विभाजन कर दिया तथा अनेक भीषण समस्याएं छोड़ गये. यद्यपि नेहरू जी ने कहा था कि यदि तुम कटुता छोड़ोगे तो हम तुमसे कोई संबंध नहीं रखेंगे, किंतु भारत की जनता अत्यंत उदार व क्षमाशील है. उसने न केवल क्षमा किया वरन स्वतंत्रता की पावन वेला में 'जवाहरलाल नेहरू जिंदाबाद' के साथ 'माउंटबेटन जिंदाबाद' के नारे भी लगा दिये और सारी कटुता नारों के साथ आसमान में विलीन हो गयी, किंतु एक नारा लगाना हम भूल गये वह है— 'नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिंदाबाद.'

(7)

(31)

MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
( PRESS SECTION )

Subject: 'Netaji Subash Chandra Bose':- letter dated 6.6.2000 of Shri B.R. Tamta to Hon'ble Prime Minister regarding.

----------

-5/c-

Reference Prime Minister Office's u.o. No.915/11/C/2/2000-Pol dated 24.7.2000 forwarding therewith a copy of the above cited letter.

2. In this connection, it is to be mentioned that the instant reference relates mostly to Department of Culture.

( D.E. RICHARDS )
Under Secretary (I)
Tel: 338 57 95

PMO (Shri Raj Pratap Singh, Director)
Min. of I&B's I.D. No.29/6/2000-Press dated 3.8.2000

PPS. Pl.
4/8

P III

4/8

The paper is placed below pl.
7/8/2000

7/8

Dir (RP)

Seen Thanks
5/8

ES
Pol. See
8.8.m

P III

(8) IMMEDIATE (32)

**CABINET SECRETARIAT**
**RASHTRAPATI BHAVAN**

.......

Subject:- Shri B.R. Tamta's suggestions regarding Netaji Subhash Chandra Bose.

.....

FS No. 5/C

Reference is invited to PMO UO No. 915/11/C/2/2000-POL dated 24.7.2000, on the above subject.

2. With regard to Shri Tamta's suggestion that a department may be set up to look after the welfare of Jawan of the Azad Hind Fauz and their dependents, it is informed that according to GOI Allocation of Business Rules, M/o Home Affairs is concerned with Freedom Fighters Pension and there is no need to set up a separate department to look after welfare of Jawans of Azad Hind Fauz and their dependents as Azad Hind Jawan would be covered under the Freedom Fighters.

8/8
(Ravi Mital)
Director.

PMO. [Shri Raj Pratap Singh, Director].
Cabinet Secretariat ID Note No. 281/12/1/2000-TS dated 08.8.2000.

PPS. Pl.
9/8
Pol. Sec. P. 11
9/8

PUC paper is placed below pl.
10/8.
10/8
Dir (RP)

2176/Dir(RP)/00
9/8

Pl. put up after all other deptts response is received.
10/8
Pol. Sec. P 15 BF 24/8

(9) (33)

**JUSTICE MUKHERJEE COMMISSION OF INQUIRY**
FOR INQUIRY INTO THE ALLEGED DISAPPEARANCE OF
**NETAJI SUBHAS CHANDRA BOSE.**
'B' Block, (Third Floor)
11/A Mirza Ghalib Street, Calcutta 700 087

Phone:
216-2765-68 & 216-2835
Fax :
216-2765
e-mail
jmcinscb@cal3.vsnl.net.in

No. JMCI/ Misc./49/185

Calcutta, dated, the 08.08.2000.

From : Shri P.K. Sengupta, WBHJS (Retd.),
Secretary

To : Ms. Archana Ranjan,
Director, Prime Minister's Office,
South Block,
New Delhi-110011.

Madam,

Kindly refer to P.M.O. U.O.No.915/11/C/2/2000-Pol. dated 19.06.2000 with which a letter dated 23.05.2000 of Shri B.R. Tamta, IAS (Retd.) was sent to Shri S.N. Singh, Section Officer, Justice Mukherjee Commission of Inquiry (New Delhi office). I have been directed to send to you the enclosed letter addressed to Shri B.R. Tamta, IAS (Retd.) for favour of sending the letter to Shri Tamta at his residence in India as his address in India is not known to this office and he has stated in the last para of his above-said letter that he would come back to India in the first week of June, 2000.

Yours faithfully,
[signature]
(P. K. Sengupta)
Secretary

Encl: as above

– 8/10.1/c –

11/8
US (Pol)

Submitted with P.C. papers pl.
12/8

– 10/c –

Dir (A)
Can we fwd to the add at p.14/c?
14/8

The address is B-41, Sector-30, NOIDA
(This was given by Shri Satish Tamta's office)
Should we send the letter with a covering letter from Dir(A)
Dir (A)
You may forward
14/8

US (Pol)
14/8
US (Pol)

1700/DIR(A)/G/ 11/8

(34)

JUSTICE MUKHERJEE COMMISSION OF INQUIRY
FOR INQUIRY INTO THE ALLEGED DISAPPEARANCE OF
NETAJI SUBHAS CHANDRA BOSE.
'B' Block, (Third Floor)
11/A Mirza Ghalib Street, Calcutta 700 087

Phone:
216-2765-68 & 216-2835
Fax:
216-2765
e-mail
jmcinscb@cal3.vsnl.net.in

No. JMCI/Misc./49/186 Calcutta, dated, the 08.08.2000.

From : Shri P.K. Sengupta, WBHJS (Retd.),
Secretary

To : Shri B.R. Tamta, IAS (Retd.),

Ref : Your letter dated 23rd May, 2000 addressed to the Prime Minister of India.

S i r,

I am directed under Rule 5(2)(a) of the Commission of Inquiry (Central) Rules, 1972, to request you to furnish immediately to the Commission a statement relating to the matters mentioned in your aforesaid letter which shall be supported by an affidavit to be sworn by you and accompanied by a list of documents, if any, on which you propose to rely.

I am directed further to request you to forward to the Commission immediately the original or true copies of such of the documents as may be in your possession or control and furnish the name and address of the person or persons from whom the remaining documents may be obtained.

Yours faithfully,
[signature]
(P. K. Sengupta)
Secretary

(35)

**JUSTICE MUKHERJEE COMMISSION OF INQUIRY**
FOR INQUIRY INTO THE ALLEGED DISAPPEARANCE OF
NETAJI SUBHAS CHANDRA BOSE.
'B' Block, (Third Floor)
11/A Mirza Ghalib Street, Calcutta 700 087

Phone:
216-2765-68 & 216-2835
Fax :
216-2765
e-mail
jmcinscb@cal3.vsnl.net.in

No. JMCI/ Misc./49/185 Calcutta, dated, the 08.08.2000.

From : Shri P.K. Sengupta, WBHJS (Retd.),
Secretary

To : Ms. Archana Ranjan,
Director, Prime Minister's Office,
South Block,
New Delhi-110011.

Madam,

Kindly refer to P.M.O. U.O.No.915/11/C/2/2000-Pol. dated 19.06.2000 with which a letter dated 23.05.2000 of Shri B.R. Tamta, IAS (Retd.) was sent to Shri S.N. Singh, Section Officer, Justice Mukherjee Commission of Inquiry (New Delhi office). I have been directed to send to you the enclosed letter addressed to Shri B.R. Tamta, IAS (Retd.) for favour of sending the letter to Shri Tamta at his residence in India as his address in India is not known to this office and he has stated in the last para of his above-said letter that he would come back to India in the first week of June, 2000.

Yours faithfully,

(P. K. Sengupta)
Secretary

Encl: as above

(10)

(36)

प्रधान मंत्री कार्यालय
**PRIME MINISTER'S OFFICE**

नई दिल्ली-110 011
New Delhi-110 011

No.915/11/C/2/2000-Pol dated August 16, 2000

To : Shri B.R. Tamta, IAS(Retd.)
B-41, Sector – 30, NOIDA

Sir,

S.No.9/c

I am directed to forward a letter dated 8.8.2000 addressed to you by Shri P.K. Sengupta, WBHJS(Retd.) Secretary, Justice Mukherjee Commission of Inquiry.

Yours faithfully,

[ B.K. Dhal ]
Under Secretary

Copy to Shri P.K. Sengupta, WBHJS(Retd.), Secretary, Justice Mukherjee Commission of Inquiry, B' Block, (Third Floor) 11/A Mirza Ghalib Street, Calcutta - 700 087. with reference to his letter No. JMC1/Misc./49/185 dated 8.8.2000 to Ms. Archana Ranjan , Director , PMO.

[ B. K. Dhal ]
Under Secretary

May kindly see before issue
Dir(A) Seen thanks 16/8
US(Pol) 16/8

O/c (w.e.)
17/8

(11)

(37)

**Most Immediate**
**By Spl. Messenger**

**Government of India**
**Ministry of Urban Development**
**(Works Division)**

**Sub: Suggestions made by Shri B.R. Tamta in his letter dt. 6-6-2K addressed to Hon'ble PM regarding Netaji Subhash Chander Bose.**

r5|c

**Ref: PMO U.O. No.915/11/C/2/2000-POL dt. 24-7-2K on the above subject.**

One of the suggestions made by Shri B.R. Tamta in his letter is that a Trust may be set up in the name of the Netaji Subhash Chander Bose and an appeal may be made to the countrymen to donate generously to the Trust in the memory of the great patriot so that his huge statues may be installed at Red Fort and India Gate. This Ministry is concerned with only this part of the suggestion.

In this connection, it is submitted that one statue of Netaji Subhash Chandra Bose is already there at the Subhash Park (near Jama Masjid), Darya Ganj. In May,97, the then Chief Minister of NCT of Delhi had requested that this statue be shifted to a site in front of the Red Fort. The request of the Chief Minister was discussed in a meeting taken by the Prime Minister on 30-7-97 and in accordance with the decision taken in the meeting the matter was placed before the Cabinet in July,97. In the Note for the Cabinet dated 31-7-97, it was high lighted that Ministry of Defence, Deptt. of Culture, CPWD and Delhi Urban Art Commission as well as this Ministry are not in favour of shifting of the statue to a place opposite Red Fort. The matter was considered by the Cabinet in its meeting held on 5-8-77 who directed that status-quo be maintained.

In his subsequent letter addressed to Hon'ble PM dt. 8th May,98 the then Chief Minister requested for reconsideration of the proposal of the Govt. of NCT of Delhi for shifting of the statue of Netaji Subhash Chandra Bose to the site opposite the ramparts of the Red Fort or alternatively to consider installation of a new statue of Netaji Subhash Chandra Bose in front of Chandni Chowk. Since, the Cabinet had already decided in August,97 for maintaining status-quo and there was no change in the facts and circumstances of the case, the issue could not be reconsidered.

PPS Pl. 27/8

Post Sec. III

Pre-paper is placed below Pl. If approved, we may remind other Deptts. 30/8

Dir (RP) PS pl. 30/8

A.D.Sec 30/8 No. 2357/Dir(RPS) 2/8

P.T.O.

38

As regards installation of a new statue of Netaji Subhash Chandra Bose in front of Chandni Chowk, Govt. of NCT of Delhi was requested on 7-9-98to fulfill the conditions and furnish certain clearances laid down in the guidelines in regard to installation of statue approved by the Cabinet in its meeting held on 3-10-56 before the matter can be considered by the Central Government. A definite proposal in this regard is, however, still awaited from the Govt. of NCT of Delhi. A report apprising the position in this regard was sent to the PMO vide this Ministry's O.M. of even number dated 18-6-98.

In view of the position explained above, it would be difficult to consider installation of a statue of Netaji Subhash Chandra Bose at Red Fort. There is also no proposal in this Ministry for installation of statue of Netaji Subhash Chandra Bose near India Gate. It is, therefore, felt that it would not be in the fitness of the things to consider the suggestion for making appeal to the countrymen for donating for installation of the statue of Netaji Subhash Chandra Bose.

**(B.B. Singh)**
**Deputy Secretary to the Govt. of India**

**<u>PMO(Shri Raj Pratap Singh, Dir)</u>**
**M/UD ID No.28011/5/97-W2/PS dt.** 21-08-2000

(12) (39)

प्रधान मंत्री कार्यालय
**PRIME MINISTER'S OFFICE**

नई दिल्ली-110 011
New Delhi-110 011

Reference is invited to this office u.o. note of even number dated 24th July, 2000 regarding **Netaji Subhash Chandra Bose.**

Comments in the matter may kindly be sent to this office urgently.

Sd/-
**[ Raj Pratap Singh ]**
**Director**

1. **Foreign Secretary** -15/c 9c
2. **Finance Secretary** BF 3/10
3. **Defence Secretary** (13/c)
4. **Secretary, M/o Tourism & Culture** (14/c) —

PMO U.O. No. 915/11/C/2/2000-Pol dated August 31, 2000

31/8

(13)

(40)

**MINISTRY OF DEFENCE**
**D(Ceremonials)**

Subject : Netaji Subhash Chandra Bose - Suggestions regarding.

****** 

Reference PMO's U.O.No.915/11/C/2/2000-Pol dated 24th July, 2000.

2. It has been noted from the letter by Shri B.R.Tamta to the Prime Minister that the suggestions made by him do not directly concern the Ministry of Defence. Apparently, these concern Ministry of Home Affairs and, therefore, PMO may like to seek the comments from that Ministry.

3. Ministry of Defence has, however, no specific comments to offer on the suggestions made by Shri Tamta.

8.9.2000

(Rabindra Panwar)
Director(MS)
Tel.301 7523

PMO
(Shri Raj Pratap Singh, Director)

-------------------------------------------------------------

MOD ID No.03/PMO/2000/D(Cer) dated 8.9.2000

2652/ Dir (RP)/9/ 11/9

(14)

(41)

**Minstry of Tourism & Culture**
**(Department of Culture)**

PMO may kindly refer to their U.O. No. 915/11/C/2/2000-Pol. Dated 24.7.2000 enclosing a letter from Shri V.R. Tamta regarding Netaji Subhash Chandra Bose.

None of the points mentioned in the letter of Shri Tamta concerns Department of Culture. It may however be mentioned that a proposal from State Govt. of Orissa for financial assistance relating to converting ancestral house of Netaji into a Memorial is being considered in the Department of Culture under the Memorial ~~House.~~ scheme.

5.9.2000

**(V.B. PYARELAL)**
**Director**

**Shri Raj Pratap Singh, Director, P.M.O., South Block, New Delhi**
**Department of Culture U.O. No. 10-4/2000-C&M dt. ~~30.8~~.2000** 5.9

6/9

7.9

7/9

2590/Dir/G.

15

42

Ministry of External Affairs
(East Asia Division)

Please refer to your U.O. Note dated August 31, 2000 regarding a letter addressed to Hon'ble PM by Shri B.R. Tamta I.A.S. (Retd) on Netaji Subhash Chandra Bose.

2. A Commission of Inquiry was set up on 14 May 1999 under Section 3 of the Commissions of Inquiry Act, 1952 (60 of 1952) consisting of Mr. Justice M.K. Mukherjee, a retired Judge of the Supreme Court of India. The Commission has been asked to inquire into all the facts and circumstances relating to the disappearance of Netaji Subhash Chandra Bose in 1945. The Commission of Inquiry has been given extension till May 2001.

3. In view of the above, any further action should be taken only after the Commission submits its report.

(Neeta Bhushan)
Under Secretary (JK)
Tel: 301 2847

Shri Raj Pratap Singh,
Director,
PMO.

MEA I.D. No.C/415/3/96-Jp dated October 4, 2000.

Pr. Sec.

4/10

6/10

5/10

(43)

PRIME MINISTER'S OFFICE
(Political Section)

Dir(A) desired to see the file regarding the letter received from Shri B. R. Jamta.

[signature] 22/11

Dir(A)

~~[illegible]~~ Seen, thanks.

[signature] 22/11

US (Pol)

[initials] 22/11

फा0सं0 168/41/2000–तक0सम0
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
(तकनीकी समन्वय अनुभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 21 सितम्बर, 2001

विषयः नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ।

प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा प्राप्त पत्र सं0 915/11/सी/2/2000–पॉल, दिनांक 24 जुलाई, 2000 के सन्दर्भ में यह कहने का निर्देश हुआ है कि इस विषय से संबंधित राजस्व विभाग की ओर से कोई टिप्पणी नहीं है ।

बी0 हाजरा

(बी0 हाजरा)
कनिष्ठ विश्लेषक(तक0सम0)
दूरभाषः 3016395

प्रधान मंत्री कार्यालय
श्री राज प्रताप सिंह, निदेशक

Being dealt as a Home matter.